# हिंदू नववर्ष के आगमन पर ब्रह्म विद्या विहंगम योग रांची के संत समाज ने निकाली स्वर्वेद यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष 2023 के आगमन पर ब्रशविद्या विहंगम योग रांची संत समाज के द्वारा स्वर्वेद यात्रा का आयोजन किया गया। रांची के सहजानंद चौक से चलकर स्वर्वेद यात्रा न्यू ए.जी. कॉलोनी होते हुए कडरू रोड अरगोड़ा चौक तक निकाली गई। यात्रा के दौरान स्वर्वेद अमृत कथा एवं जयघोष से वातावरण अध्यात्ममय हो गया था। जहाँ तक स्वर्वेद की वाणी पहुंची वहाँ तक उपस्थित जन-समुह द्वारा यात्रा के भव्यता का चर्चा करते देखा गया। स्वर्वेद यात्रा में रांची संत समाज से 200 की संख्या में विहंगम योग के साधक एवं साधिका द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम के दौरान यात्रा में सहयोग करने वाले पुलिस अधिकारियों को स्वर्वेद ग्रन्थ देकर संत समाज की ओर से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल शर्मा, संयोजक राम लखन राणा, संयोजक अनिल तांती, मुकेश कुमार, सहसंयोजक कुमार परमिंदर, रोविक वर्मा, किसलय वर्मा, विकास आर्या, राजकुमार जी, संतोष जी, शोभा राय यादव एवं अन्य की भूमिका अहम रही।




## भवभयहारी भगवान को सुनाया नव संवत्सर फल

### बालाजी मंदिर में सनातनी हिंदी नव वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष अनुष्ठान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में सनातन हिंदी नव वर्ष के उपलक्ष्य पर हुआ महा अनुष्ठान। गौरतलब है कि कलियुग के आरंभ काल से 512 4 वर्ष, युधिष्ठिर संवत्सर का 5125 वर्ष तथा विक्रमादित्य के सिंहासनारोहण काल से 2080 वर्ष एवं शक संवत के 194 5 वर्ष व्यतीत हुए हैं । बुधवार को पिंगल नामक संवत्सर का प्रारंभ हुआ है। इस युगादि तिथि के शुभ अवसर पर भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का प्रातः विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासन एवं वेंकटेश स्तोत्र के बाद तिरुवाराधना हुआ। फिर दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, गंगाजल एवं डाभयुक्त जल से क्रमानुसार सहस्त्रधारा, कलशधारा, शंख धारा और चक्र धारा के उपचार पूर्वक महाभिषेक हुआ। इसके बाद भगवान को वस्त्र आभूषण से अलंकृत करके सुवासित पुष्प मालाओं से भव्य श्रृंगार हुआ। भगवान के उत्सव मूर्ति, श्रीश्रीदेवी और श्रीभूमि देवी को जगमोहन मंडप में पीठ पर विराजमान कराया गया। फिर संकल्प पूर्वक भगवान का पंचोपचार पूजा, स्वस्तिवाचन आदि महामंत्रों के बाद पंचांग पठन हुआ। अर्चक- सत्यनारायण गौतम ने पंचांग पठन के माध्यम से वर्षफल, मास फल, संवत्सर फल और राशिफल श्रवण कराया। शुक्ल प्रतिपदा को जो बार अथवा दिन होता है, उसी को उस संवत्सर का अध्यक्ष कहते हैं, का कार्यभार मिलता है। इस संवत्सर की शुरूआत बुधवार से हो रही है। अतः वह इस वर्ष के राजा हो गये हैं। मुख्य रूप से मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रामअवतार नारसरिया, गौरी शंकर साबू, रामवृक्षू, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह, सुशील लोहिया, विमला देवी शर्मा, विष्णु शर्मा, कन्हैया लोहिया, नीरू फोगला, अशोक फोगला आदि बहुतायत संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया।

# सरहुल में विधि-व्यवस्था को लेकर शहर के 53 स्थानों पर रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी

## उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी व एसएसपी ने जारी किया संयुक्त रूप से आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरहुल की पर्व को लेकर जिले में विधि-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहेगा। इसके लिए शहर के 53 स्थानों पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की तैनाती रहेगा। सरहुल की शोभायात्रा 24 मार्च को निकाली जायेगी। जिले में विधि-व्यवस्था को बनाये रखने के लिए रांची के उपायुक्त और एसएसपी ने संयुक्त रूप से आदेश जारी किया है। दण्डाधिकारियों / पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति दिनांक 24.03.2023 के प्रातः 09:00 बजे से सरहुल पर्व के शांति पूर्ण समाप्ति तक के लिए की गई है।

सरहुल के त्योहार में लाखों की संख्या में पुरुष-महिलाएं एकत्रित होते हैं। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न जगहों पर सरना स्थल पर पूजा की जाती है, इस अवसर पर भीड़ में असामाजिक तत्व सक्रिय रह सकते हैं। जुलूस पर निगरानी रखने/ गश्ती दल एवं विधि व्यवस्था शान्ति व्यवस्था एवं लोक परिशांति बनाये रखने के लिए दण्डाधिकारियों/ पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

रांची शहरी क्षेत्र के मुख्य सरना स्थल हातमा, रेडियम रोड, शहीद चौक, सहित 53 स्थानों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थान पर निश्चित रूप से पहुँचने तथा सतत एवं कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

### गश्ती क्षेत्र

रांची शहर के मुख्य चौक चैराहे, चांदनी चौक कांके रोड, हातमा से रेडियम रोड सहित कुल 10 गश्ती क्षेत्रों में निगरानी के लिए दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### सदर अनुमंडल प्रतिनियुक्ति

सदर अनुमंडल अंतर्गत रातू थाना, बड़काटोली, काठीटांड़, कंडे सहित कुल 34 स्थानों पर भी निगरानी एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### बुंडू अनुमण्डल स्टैटिक प्रतिनियुक्ति

बुंडू अनुमण्डल क्षेत्र में अंतर्गत बुंडू, सोनाहातू थाना सहित कुल 04 थाना क्षेत्र में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### चिकित्सा व्यवस्था

सिविल सर्जन, रांची को आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था के लिये एक-एक एम्बुलेंस, चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी एवं सभी आवश्यक दवा एवं उपकरण के साथ जिला नियंत्रण कक्ष, कचहरी चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, एकरा मस्जिद चौक, सिरम टोली (मुख्य सरना स्थल) एवं डोरंडा थाना में उपरोक्त अवधि में प्रतिनियुक्त करने का निदेश दिया है।



### सुरक्षित दण्डाधिकारी

जिला कम्पोजिट कंट्रोल रूम रांची, सुरक्षित दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है एवं जिला नजारत उप समाहर्ता रांची को जिला कम्पोजिट कंट्रोल रूम रांची के दूरभाष संख्या 0651-2207784 एवं 2215855 सुचारू रूप से संचालन कराने का निदेश दिया है। जिला नजारत उप समाहर्त्ता, रांची को जिला नियंत्रण कक्ष में 02 विडियोग्राफर की प्रतिनियुक्ति करने एवं गश्ती दलों के लिये चार छोटे वाहन दिनांक 24.03.2023 को जिला नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है।

### पेयजल व्यवस्था

रांची शहर के प्रमुख विभन्न चौक-चौराहों एवं सरना स्थलों पर पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु नगर आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, नगर निगम, रांची को अपने स्तर से संबंधित पदाधिकारियों / कर्मचारियों को निर्देशित करने हेतु अनुरोध किया गया है।

### विद्युत व्यवस्था

विद्युत व्यवस्था हेतु अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग रांची से जुलूस / शोभा यात्रा के दौरान जुलूस के पथ एवं आस-पास के क्षेत्रों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से विद्युत संचरण / आपूर्ति बंद रखने एवं जुलूस समाप्ति के पश्चात आपूर्ति आरंभ करने हेतु अनुरोध किया गया है।

### अग्निशाम व्यवस्था

अग्निशाम पदाधिकारी राँची को जिला कम्पोजिट कंट्रोल रूम में 02, सिरमटोली में 01, मस्जिद चौक में 01 एवं अल्बर्ट एक्का चौक पर 01 अग्निशाम वाहन की प्रतिनियुक्ति करने का निदेश दिया गया है।

### यातायात व्यवस्था

इस दौरान शहर में सुगम यातायात व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक, यातायात रांची को यातायात पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का निदेश दिया गया है। इसके साथ ही दिनांक 24.03. 2023 को जुलूस के मार्ग में वाहनों का परिचालन एवं बाहरी क्षेत्रों में भारी वाहनों का परिचालन अपराहन 12:00 बजे से सरहुल पर्व की समाप्ति तक बन्द रखने का निदेश दिया गया है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत सरहुल पर्व के अवसर पर सतत एवं कड़ी निगरानी रखते हुए विधि-व्यवस्था संधारण करने का निर्देश संयुक्त आदेश में दिया गया है।

## 24 को घर से निकलें तो करें इन रास्तों से परहेज

# सरहुल को लेकर रांची के ट्रैफिक रूट में बदलाव, ट्रैफिक एसपी ने जारी किया आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** यदि आप 24 मार्च को राजधानी रांची की सड़कों पर यात्रा कर रहे हैं तो वैकल्पिक मार्ग की तलाश कर लें। राजधानी रांची में सरहुल पर्व व उसकी भव्य शोभायात्रा के मददेनजर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। शोभायात्रा के मददेनजर राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किए गए हैं।




### शहर का वैकल्पिक मार्ग हरमू रोड होगा

शहर का वैकल्पिक मार्ग हरमू रोड रहेगा, जबकि भारी वाहनों के लिए रिंग रोड को वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने जारी आदेश में कहा है कि सरहुल की शोभायात्रा के दौरान, रांची एसएसपी आवास चौक से रेडियम चौक, शहीद चौक, अलबर्ट एक्का चौक, काली मंदिर चौक, सुजाता चौक, मुंडा चौक से सिरम टोली सरना स्थल तक किसी भी प्रकार के वाहनों का परिचालन नहीं होगा। सर्कुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक ही पहुंच सकेंगे। जाकिर हुसैन पार्क से कमिश्नर ऑफिस चौक रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों को प्रवेश करने नहीं दिया जाएगा। पुराने नगर निगम कार्यालय वाले मार्ग से कमिश्नर ऑफिस चौक की ओर वाहनों को प्रवेश करने पर पाबंदी रहेगी। अपर बाजार से शहीद चौक की ओर आने वाले सामान्य वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। चडरी तालाब से अलबर्ट एक्का चौक की ओर जाने वाले वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। थड़पखना वाले मार्ग में सामान्य वाहनों को प्रवेश करने नहीं दिया जाएगा। पुरुलिया रोड से सर्जना चौक की ओर वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। विष्णु सिनेमा रोड से मेन रोड की तरफ वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। पश्चिमी अपर बाजार से टैक्सी स्टैंड की ओर आने वाले सामान्य वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। चर्च रोड से मेन रोड की तरफ से आने वाले वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। राजेंद्र चौक से ओवर ब्रिज, सुजाता चौक की ओर किसी प्रकार के वाहनों का परिचालन नहीं होगा।

- 24 मार्च को राजधानी के सभी प्रमुख एंट्री प्वाइंट पर वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी
- मेन रोड, कचहरी चौक व सिरमटोली के आसपास के हैं, वहां कोई भी वाहन लेकर प्रवेश नहीं करेंगे।
- सभी जगहों पर ड्रॉप गेट लगाया जा रहा है।
- दोपहर एक बजे से लेकर जुलूस समाप्ति तक मेन रोड में वाहनों का प्रवेश वर्जित
- 23 मार्च रात 12 बजे तक शहर में भारी वाहन के प्रवेश पर रोक

## नगर आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जलापूर्ति शाखा की समीक्षा बैठक

# नगर आयुक्त ने जल संयोजन के सभी उपभोक्ताओं को अनिवार्य रुप से वाटर मीटर अधिष्ठापित करने का दिया निर्देश

- जिनके मीटर खराब है उन्हें तत्काल बदलते हुए नया मीटर का अधिष्ठापन सुनिश्चित किया जाए
- प्रत्येक माह हर घर से मीटर रीडिंग लेना सुनिश्चित करें व ऑन स्पॉट बिल निर्गत करें

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची नगर निगम के नगर आयुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को जलापूर्ति शााखा की के साथ एक समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें जलापूर्ति शाखा के पदाधिकारियों के साथ वाटर यूजर चार्ज वसूल करने वाली एजेंसी मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्रा. लि. के प्रतिनिधि उपस्थित थे। नगर आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया कि जल संयोजन के जितने भी उपभोक्ता है सभी के यहां अनिवार्य रुप से वाटर मीटर अधिष्ठापित होना चाहिए। जिन उपभोक्ताओं का मीटर खराब हो चुका है उन्हें तत्काल बदलते हुए नए मीटर का अष्ठिापन सुनिश्चित किया जाए। नागरिकों के द्वारा मीटर लग जाने के पश्चात निर्धारित प्रपत्र में मीटर अधिष्ठापन की सूचना कार्यालय को 07 दिनों को भीतर समर्पित करनी है ताकि भविष्य में जो भी बिल उन्हें निर्गत किया जाएगा उसमें किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होगी। नगर आयुक्त ने वाटर यूजर चार्ज वसूल करने वाली एजेंसी को यह निदेश दिया कि प्रत्येक माह प्रत्येक घर से मीटर रीडिंग लेना सुनिश्चित करें एवं उपभोक्ताओं को ऑन स्पॉट बिल निर्गत करे। पूर्व में अगर निर्गत बिल मे किसी प्रकार की त्रुटि उत्पन्न हुई है तो उपभोक्ताओं से संपर्क स्थापित कर अगले 10 दिनों को भीतर सभी त्रुटियों का निराकरण कराना सुनिचित करें। बैठक में उपस्थित लोगो में अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन, जलापूर्ति शाखा के कार्यपालक अभियंता, नगर प्रबंधक, कनीय अभियंता, मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्रा. लि., मेसर्स च्वाइस कंसलटेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य कर्मी शामिल थे।

# राजधानी में रफ्तार का कहर पांच की मौत, आठ जख्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में रफ्तार का कहर देखने को मिल रहा है। घटना पर गौर करें तो 24 घंटे के दौरान राजधानी रांची में पांच लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। मंगलवार की रात नामकुम में हुए दर्दनाक हादसे में दो कॉलेज गर्ल्स की मौत को भूले भी नहीं थे कि बुधवार को एक तेज रफ्तार कार ने मां-बेटी को कुचल दिया। इस हादसे में मां और बेटी गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। आनन- फानन में दोनों को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है। दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### पुराने पुलिस लाइन के पास हुआ हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मां-बेटी पैदल ही अल्बर्ट एक्का चौक से पुराने जेल की ओर पैदल जा रही थी। इतने में पुराने पुलिस लाइन की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। मां- बेटी को कुचलने के बाद कार नियंत्रित नहीं हुई तो सड़क किनारे लगे दुकान से जा टकराई। ठोकर मारने के बाद युवक कार छोड़कर फरार हो गए। बाद में स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस रोककर दोनों को रिम्स भेज दिया।

### 24 घंटे में पांच की मौत, आठ अस्पताल में

राजधानी रांची में पिछले 24 घंटे के दौरान सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि आठ लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। गौरतलब हो कि मंगलवार की शाम रांची के नामकुम में डोरंडा कॉलेज की दो छात्राएं निभा पासवान और शिवानी तिर्की, नामकुम में मनीष नामक युवक की मौत, टाटीसिलवे में एक युवक की सड़क हादसे की मौत हो गई थी।

## आर्म्स एक्ट में तीन आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी सत्यम कुमार, शौर्य राज एवं बंटी कुमार के खिलाफ आरोप गठित कर दिया है। मामले में आरोपी सत्यम जेल में है। इसकी जमानत अर्जी निचली अदालत से दो बार एवं हाइकोर्ट से एक बार खारिज हो चुकी है। जबकि अन्य दो आरोपी जमानत पर है। आरोप गठन के दौरान जेल में बंद आरोपी को वीसी से अदालत में पेश किया गया था। तीनों को जगन्नाथपुर पुलिस ने 31 अगस्त 2022 को हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। एएसआई रामजी कुमार ने तीनों के खिलाफ प्राथमिकी कांड संख्या 320-22 दर्ज कराई थी। गिरफ्तारी के बाद तलाशी के दौरान बंटी कुमार के पास से 7.65 एमएम की 10 जिंदा गोलियां, शौर्य राज के पास से 7.65 एमएम की 15 जिंदा गोलियां और सत्यम कुमार के पास से एक देशी पिस्टल और 9 एमएम की 38 जिंदा गोलियां, 7.65 एमएम बोर की 39 गोलियां बरामद की गईं थी।

# मेरी जान को है खतरा, दे दीजिए हथियार का लाइसेंस!

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची पुलिस ने शहर के चर्चित जमीन कारोबारी सह बिल्डर कमलभूषण हत्याकांड का खुलास तो कर लिया है। हत्याकांड में शामिल राहुल कुजूर, डब्लू कुजूर समेत अन्य शूटर को भी जेल भेज दिया गया है, लेकिन रांची पुलिस को सुराग देनेवाले को जान जाने का खतरा है। सूचना के मुताबिक, सूचनादाता ने रांची पुलिस और उपायुक्त से हथियार का लाइसेंस देने का अनुरोध किया है। पर, अभी तक सूचनादाता को न तो हथियार का लाइसेंस मिला है और न ही उसे सुरक्षा ही प्रदान की गई है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से खबर मन्त्र भी उस सूचनादाता का नाम प्रकाशित करने से परहेज कर रहा है।

**डब्लू कुजूर के भाई छोटू कुजूर ने दी थी धमकी :** जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड के बाद डब्लू कुजूर के भाई छोटू कुजूर ने एक युवक को जान से मारने की धमकी दी थी। धमकी के बाद से वह छिप कर रह रहा है। अभी भी कई लोग जो डब्लू कुजूर के दुश्मन बन गए हैं, वे निशाने पर हैं।

### सात जून, 2022 को पकड़ाए थे आरोपी

घटना में शामिल राहुल कुजूर, डब्ल्यू कुजूर, सुशीला कुजूर रांची पुलिस और दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल सबको खोज निकाला था। उस वक्त यह बात सामने आई थी कि मृतक कमल भूषण के परिजनों का दावा था कि इस हत्या में उनके दमाद राहुल कुजूर का हाथ है। कमल भूषण के बेटे ने बताया था कि राहुल कुजूर ने उसकी बहन से शादी कर ली थी। जिससे पिता खुश नहीं थे। उसने बेटी और दामाद से रिश्ता तोड़ दिया था। बेटी को जायदाद से भी निकाल दिया था। इस बात से राहुल और उसका परिवार आक्रोशित था। जांच में जुटी पुलिस के द्वारा सभी नामजद अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया था और सभी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया था।

# सरहुल-रामनवमी पर्व : महावीर मंडल समिति और मुहर्रम कमेटी के साथ डीसी-एसएसपी ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सौहार्दपूर्ण वातावरण में आगामी त्योहारों के संपादन के लिए उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में सरहुल पर्व, रमजान और रामनवमी मनाए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मोहर्रम कमेटी एवं महावीर मंडल समिति के सदस्यों द्वारा बारी -बारी से रामनवमी के दौरान बेहतर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर पूर्व के अनुभव साझा करते हुए सुझाव दिये गए।

समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची किशोर कौशल, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था), रांची आर एन आलोक, शहर के विभिन्न मुहर्रम कमेटी, महावीर मंडल समिति के सदस्य एवं अमन पसंद लोग उपस्थित थे।

मोहर्रम कमेटी के सदस्यों ने बताया कि हमेशा की तरह रांची में रामनवमी के दौरान जुलूस के स्वागत की परंपरा का सौहार्दपूर्ण वातावरण में निर्वहन किया जाएगा। मोहर्रम कमेटी के सदस्यों ने कहा कि पवित्र रमजान के महीने में रामनवमी के जुलूस के दौरान इफ्तार के बाद संवेदनशील स्थानों पर अनावश्यक भीड़ ना हो, इसका पूरा प्रयास किया जाएगा ताकि जुलूस का ससमय और सुगम तरीके से प्रस्थान हो सके।

बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा जुलूस के रुट में प्रमुख स्थानों पर लाइट की व्यापक व्यवस्था की भी बात कही गई। डीसी राहुल कुमार सिंह द्वारा इस संबंध में अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था), रांची को रांची नगर निगम से बात कर क्षेत्र विशेष के लिए नोडल बनाए जाने और इसकी जानकारी संबंधित थाना और समितियों को साझा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी समितियों से कहा कि जहां-जहां सड़कों की मरम्मत, लाइट की व्यवस्था आदि करनी है उसकी सूची दें ताकि इस संबंध में यथाशीघ्र कार्य कराया जा सके।

महावीर मंडल समिति के सदस्यों ने कहा कि रांची में सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी का त्यौहार होता रहा है और इस बार भी समाज के सभी तबके के सहयोग एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी संपन्न कराया जाएगा। बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर एसएसपी किशोर कौशल द्वारा समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान सभी समितियां संयमित रहे।

# रांची विश्व शांति व अहिंसा के लिए दौड़ेगी 2 अप्रैल को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 02 अप्रैल को जैन इंटरनेशनल ट्रेड आगेर्नाइजेशन (जीतो) महिला शाखा, सम्पूर्ण भारतवर्ष के 65 चैप्टर्स के द्वारा अहिंसा रन का एक भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत महावीर जयंती के उपलक्ष्य में दो अप्रैल को अहिंसा रन के तहत रांची विश्वशांति व अहिंसा के लिए दौड़ेगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रांची जीतो महिला शाखा, जीतो मेन तथा जीतो यूथ के सहयोग के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है। इस आयोजन में भारतवर्ष ही नहीं बल्कि विश्व भर के 23 देश , जीतो के 65 चैप्टर्स एक साथ एक ही समय पर मैराथन (रन) स्टार्ट करेंगे। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार भारतवर्ष से इस आयोजन को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए रजिस्टर कराया गया है। अहिंसा रन के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह रन भले ही जीतो महिलाएं आयोजित कर रही हो, पर ये संपूर्ण मानवता और विश्व शांति के लिए है। मोरहाबादी से शुरु होकर कांके होते हुए पुनः मोराबादी में समाप्त होने वाला यह अहिंसा रन ओपन फॉर ऑल है। इसमें कोई आयु सीमा नहीं है। इसमें भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति को किलोमीटर की दूरी के अनुसार रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। यह रन 3किलोमीटर, 05 किलो मीटर व 10 किलोमीटर का रहेगा। रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन होगा। जिसमें 03 किलोमीटर के लिए रजिट्रेशन शुल्क रु. 300, 05 किलोमीटर के लिए 400 रु और जिसका ऑनलाइन रेजिस्ट्रेशन होगा। रेजिस्ट्रेशन एक न्यूनतम राशि का होगा। 10 किलोमीटर के लिए पंजीकरण शुल्क 500 रु. निर्धारित की गयी है। यह मैराथन दौड़ होगी लेकिन यदि आप नहीं दौड़ सकते हैं तो वॉक भी कर सकते है। मैराथन की हर कैटेगरी के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार (महिला व पुरुष दोनों) को अलग अलग दी जाएगी। जिसमें प्रथम पुरुस्कार - 41000/-,द्वितीय - 31000/- व तृतीय -21000/- रुपये का होगा। आयोजन समिति के अनुसार 45 वर्ष से अधिक प्रतिभागियों के लिए प्रथम - 20000/-, द्वितीय - 15000/- व तृतीय - 10000/- रुपये का पुरस्कार होगा। इसके अलावा 05 किलोमीटर के लिए प्रथम - 15000/-, द्वितीय - 10000/- व तृतीय - 5000/- रुपये एवं 03 किलो मीटर के लिए 11000/- रु. होगा। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को आयोजन समिति की ओर से प्रतिभागियों को टी शर्ट, मेडल, सर्टिफिकेट, कैप, रिफ्रेशमेंट प्रदान किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति 7549017648, 9934360678, 7741082041, 9470371188 पर संपर्क करें।

# 1500 कलश शोभायात्रा के साथ श्री श्री शतचंडी महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** पिस्का मोड़ स्थित ओटीसी ग्राउंड के सर्ड कैंपस में बुधवार को श्री श्री शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। श्री श्री शतचंडी महायज्ञ समिति की ओर से 31 मार्च तक होने वाले महायज्ञ के आयोजन शुरुआत 1500 महिलाओं के साथ भव्य कलश यात्रा निकाल कर की गई। कलश यात्रा की शुरुआत यज्ञ स्थल से हुई, जहां सुबह से ही सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक परिधान में कलश लिए उपस्थित थीं। इस यात्रा में विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची के सांसद संजय सेठ एवं विधायक सीपी सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गाजे-बाजे के साथ निकले कलश यात्रा में महिलाएं व युवतियों ने पूरे आस्था के साथ सिर पर कलश लिए निकली। भक्तों के जयकारों के साथ नवरात्र के प्रसिद्ध भजनों से पूरा रांची शहर गुंजायमान होता रहा।

कलश यात्रा यज्ञ स्थल से चलकर पिस्का मोड़ होते हुए इटकी रोड और लोहा सिंह मार्ग से विशालाक्षी बेक्वेट हॉल (गंगा मोटर) पंहुची। यहां से सभी महिलाएं तालाब से जल भरकर वापस यज्ञ स्थल पर पहुंचीं। कलश यात्रा में यज्ञ के मुख्य कथा वाचक पूज्य संत श्री मनुश्री महाराज भी शामिल हुए। दोपहर 1:30 से 3:30 तक सर्ड कैम्पस में 9 दिनों तक चलने वाले शतचंडी महायज्ञ की शुरुआत हुई। इसमें श्रीमद देवी भागवतम आधारित पौराणिक पद्धति से यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सर्ड कैम्पस में ही बने विशाल सभास्थल में मनुश्री जी महाराज द्वारा शाम को 4 बजे से 7:30 बजे तक भागवत कथा का वाचन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से महायज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष कुमुद झा, रूपा शाहदेव, मनोज सिंह, ऋषिनाथ शहदेव, फिरंगी साव, किशोर शर्मा, प्रधान यजमान बैजू सोनी, रामाकांत ओझा, उदय प्रताप सिंह छर्र मुन्ना सिंह, शैलेश्वर दयाल सिंह, योगेंद्र गुप्ता, संजीत सिंह, नरेश पंडित, प्रदीप कुमार, विक्की शर्मा, राजेश शाह, अरुण कुमार, डॉ.एके लाल, संदीप गुप्ता, कृपाल कुमार,मनमोहन ओझा, रामयतन पंडित, वीणा मिश्रा, राधाकांत गिरी आदि आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## नियोजन नीति के खिलाफ यूथ एसोसिएशन का विधानसभा घेराव आज

**रांची।** नियोजन नीति के खिलाफ झारखंड यूथ एसोसिएशन, झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन गुरुवार को विधानसभा का घेराव करेगी। झारखंड यूथ एसोसिएशन के संयोजक शफी इमाम ने बुधवार को मीडिया को यह जानकारी दी। बताते चलें कि इससे पहले 20 मार्च को विधानसभा घेराव की रणनीति थी। लेकिन सरकार व प्रशासन के आग्रह पर एक दिन पूर्व ही मंत्री आलमगीर आलम व छात्र नेताओं की सकारात्मक वार्ता से आंदोलन को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया था।

# नींद और निंदा पर विजय प्राप्त करनेवाले को कोई पराजित नहीं कर सकता : डीइओ

## निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल का मनाया गया 21वां वार्षिकोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में बुधवार को 21वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डीइओ आकाश कुमार और विशेष अतिथि वार्ड पार्षद बसंती लाकड़ा, विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव सीमा शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा छात्र-छात्रा तथा अभिभावकों ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर प्राचार्य श्री शर्मा ने सभी अतिथियों को बुके व शॉल एवं स्मृति चिन्ह से स्वागत सह सम्मानित किया। मुख्य अतिथि आकाश कुमार ने बच्चों को लक्ष्य बनाकर शिक्षा ग्रहण करने का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि जो व्यक्ति नींद और निन्दा पर विजय प्राप्त कर लेते हैं। उन्हें कोई पराजय नहीं कर सकता है। श्री कुमार ने विद्यालय प्रबंधन तथा शिक्षकों की मेहनत और उनके छात्र- छात्राओं को एक सही दिशा देने की लग्न की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्राचार्य विजय कुमार शर्मा समाज को एक नई दिशा देने का काम कर रहे हैं।

वहीं, बसंती लाकड़ा ने कहां की हमें कभी किसी का बूरा नहीं करना चाहिए। साथ ही उन्होंने बच्चों को कहा कि बच्चों अपने मनोरम डांस प्रस्तुति के माध्यम से पूरे हिंदुस्तान को एक सूत्र में दिखा दिया। प्रिंसिपल श्री शर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन सौंपा। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन की सचिव, उप प्राचार्य श्रीमती शिल्पी रानी सहित कई अन्यलोगों के साथ बड़ी संख्या में अभिभावकगण तथा शिक्षक-शिक्षिका एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

इससे पूर्व बच्चों ने कई सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी दर्शकों को भाव विभोर कर दिया । बाद में स्वच्छ तथा स्वस्थ भारत की उपयोगिता दशार्ते हुए एक नृत्य गान पेश किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। प्री नर्सरी,नर्सरी और केजी के छात्र-छात्राओं ने कैटरपिलर सॉन्ग पर सबका मन मोह लिया। इन नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रतिभा देखकर अतिथियों ने भी खूब प्रशंसा की। इसके उपरांत देश के विभिन्न राज्यों जैसे मणिपुरी, गुजराती, नागपुरी इत्यादि वेशभूषा पर आधारित सामूहिक तरीके से वहां की सांस्कृतिक, भौगोलिक एवं आंचलिक प्रस्तुतियां दी तो दर्शक तालियां बजाने पर मजबूर हो गये। इसी क्रम में बच्चों ने हंसी तथा गुदगुदाने वाली तथा ज्ञानवर्धक नाटक पेश की तो दर्शक लोटपोट हो गए। राजस्थानी नृत्य पर दी गई प्रस्तुति भी सराहनीय रही।

## संघ ने उठायी विद्यालय आदर्श दिनचर्या अधिसूचना में संशोधन की मांग

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों के लिए सरकार ने आदर्श दिनचर्या लागू कर दिया है। शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना जारी होने के बाद स्कूलों की कार्यावधि को लेकर विवाद शुरू हो गया है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने आदर्श दिनचर्या पर सवाल खड़े किए है। इसे अव्यवहारिक और छात्रों की मनोदशा के विपरीत बताया है। इसपर पुनर्विचार कर आवश?यक संशोधन करने की मांग की है। संघ के महासचिव राममूर्ति ठाकुर और मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा है कि विद्यालय दिनचर्या निर्धारण में पुरानी अधिसूचनाओं के प्रावधानों का ध्यान नहीं रखा गया है। शिक्षक संघ के साथ हुए विचार-विमर्श के बाद व्यवहारिक और अन्य पक्षों को ध्यानगत रखते हुए अधिसूचना (संख्या 20 और 1940) निर्गत की गई है। इस पर विभागीय मंत्री की सहमति प्राप्त है। हालांकि वर्तमान पत्रांक 1940 उक्त को नजरअंदाज कर उससे प्रतिकूल निर्गत किया गया है।

# गांधी शिल्प मेले में होम डेकोर आइटम की है धूम



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में 28 मार्च तक चलने वाले गांधी शिल्प मेले का मुख्य आकर्षण बंगाल के ऋषिकेश रेशम का खास डिजाइन और हेवी वर्क की साड़ियां हैं, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। 10 दिवसीय शिल्प मेले में जयपुरी जूती, चूड़ियां तथा शिल्प आर्ट और डेकोर आर्ट की वस्तुओं को बहुत ही पसंद किया जा रहा है।

यहां मेले में संपूर्ण भारत वर्ष के हस्तशिल्प हैंडीक्राफ्ट तथा विशेषकर झारखंड के उत्पादों का विशाल संग्रह उपलब्ध है। मेले में जूट के समान, सोफासेट, राजस्थानी जूती, साउथ इंडियन डिजाइनर साड़ियां, शांतिनिकेतन के बैग, जयपुरी चूड़िया, सहारनपुर के कारपेट व फर्नीचर, महिलाओं के लिए तसर सिल्क की साड़ी और सलवार कुर्ती आदि उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। असम के उत्पादों को भी लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इस मेले में संपूर्ण भारत के 200 स्टॉल लगाये गये हैं, जो 28 मार्च तक रहेंगे। मेले को रांची स्थित छोटानागपुर क्राफ्ट सोसायटी एवं हस्तशिल्प सेवा केंद्र द्वारा आयोजित किया गया है। क्राफ्ट सोसायटी के अध्यक्ष विभु चौधरी ने बताया कि इस मेले से झारखंड की कला संस्कृति और पर्यटन को अभूतपूर्व प्रोत्साहन प्राप्त होता है। हस्तकला तथा हैंडीक्राफ्ट को बढ़ावा तो मिलता ही है, पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा दिया जाता है। केंद्र सरकार के विकास आयुक्त पुष्पराज ने इसे झारखंड की एक बड़ी उपलब्धि बतायी और कहा कि इससे हस्तकला और हैंडीक्राफ्ट को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, इससे रोजगार का सृजन होगा और गरीब तबके और मध्यम वर्ग को रोजगार प्राप्त होंगे। मेले में प्रतिदिन लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। लोग मेले का पूरा लुत्फ उठा रहे हैं। मेले में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है।

# केंद्रीय सरना समिति ने अलबर्ट एक्का चौक पर लगाया पुरखौती झंडा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में बुधवार को पूर्वजों द्वारा स्थापित पुरखौती झंडा अल्बर्ट एक्का चौक रांची में लगाया गया। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित पारंपरिक नेग दस्तूर द्वारा पूजा पद्धति कर अपनी संस्कृति और परंपरा को बचाने की आज जरूरत है। यदि हम लोग अपने संस्कृति-परंपरा को नहीं बचा पाते हैं तो आने वाली पीढ़ी को सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पारंपरिक व्यवस्था का इतिहास को बताना और बचाना मुश्किल हो जाएगा तथा आनेवाले वंशजों को अनेकानेक विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। कहा कि आदिवासियों की पहचान उनके धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पूजा पद्धति अनुष्ठान अर्थात रूढ़िवादी प्रथा से किए जाने वाले पूजा पद्धति से ही संवर्धित और अक्षुण्ण बनी रह सकती है। वही कस्टम सिस्टम कस्टमरी लॉ भी है। हमारे क्षेत्रों में तीन रंगों के झंडे में ऊपर सफेद बीच में लाल तथा नीचे हरा रंग होता है। सफेद रंग का महत्त्व निराकार पवित्र शांति शुद्धता का प्रतीक है। लाल रंग क्रांति का प्रतीक है। हरा रंग का महत्व जल जंगल जमीन हरियाली एवं खुशहाली से है। सरहुल के दिन तीन या पांच इनसे अधिक मुर्गे एवं मुर्गी की बलि देते हैं। लेकिन विशेष रूप से सफेद मुर्गी सिंगबोंगा(सृष्टिकर्ता) के नाम से रंगुवा (लाल) (हातुबोंगा) गांवा देवती के नाम से माला मुर्गी (इकीरबोंगा) जल देवता दरहा देशवाली के नाम से लूपिन तांबी मुर्गी (हड़ाम) बूढ़ा बूढ़ी पूर्वजों को खुश करने तथा काली मुर्गी अनिष्ट कारी शक्तियों को शांत करने के लिए बलि किया जाता है।

## डीपीएस के विद्यार्थियों का मेंटल मैथ्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**रांची।** डीपीएस रांची के युवा गणितज्ञों ने अपनी उत्कृष्ट मेधा शक्ति का प्रदर्शन करते हुए इग्नाइटेड माइंड लैब द्वारा आयोजित मेंटल मैथ्स प्रतियोगिता 2023 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले के परिणाम घोषित होने के बाद विराज प्रताप सिंह, विवान सिंह, अगस्त्य, आदर्श गुप्ता ने ऑल इंडिया रैंक 01 प्राप्त किया है।

## प्रभु के प्रति धन्यवादी होने पर बल देता है चालीसा पुण्य काल : कुलदीप

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** चालीसा काल मसीहियों को प्रभु के प्रति धन्यवादी होने पर बल देता है। झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने चालीसा के संबंध में यह जानकारी देते हुए खबर मन्त्र को बताया कि पूरे जगत में हम मनुष्यों को बतौर इंसान जो जीवन मिला है इसके लिए हमें हमेशा उस खुदा के प्रति धन्यवादी रहना चाहिए क्योंकि हमारे जैसे पूरी दुनिया में कोई दूसरा पीस नहीं है। श्री तिर्की ने बताया कि एक जाने-माने स्पीकर ने हाथ में पांच सौ का नोट लहराते हुए अपना सेमिनार शुरु किया। इस मौके पर सेमिनार में आए सैकड़ों लोगों से उन्होंने पूछा यह पांच सौ का नोट कौन लेना चाहता है? नोट को लेने की इच्छा रखने वालों ने हाथ उठाया। इस पर उस स्पीकर ने उस रुपये को नीचे गिराकर पैरों तलें कुचल कर गंदा कर दिया। उसके बाद उस नोट को उठाकर लोगों से पूछा अब इसे कौन लेना चाहेगा। इस पर भी लोगों ने नोट लेने को हाथ उठाए। तब स्पीकर ने कहा कि यहां उपस्थित आप सभी लोग आज एक महत्वपूर्ण पाठ सीखा है। वह यह था कि मैंने इस रुपये के साथ इतना कुछ किया फिर भी आप सभी इसे लेने के लिए इच्छुक हैं क्योंकि इतना होने के बाद भी नोट की कीमत नहीं घटी। उसी तरह हम मनुष्य भी जीवन में कई बार हम गिरते हैं, हारते हैं। लेकिन, जो हो, आपका मूल्य कम नहीं होता।

# मारवाड़ी समाज राजनीतिक क्षेत्र में भी आगे आये : बसंत मित्तल

## पारसनाथ में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक व प्रमंडलीय अधिवेशन संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की प्रांतीय कार्य समिति की प्रथम बैठक एवं कोयलाचंल प्रमंडलीय अधिवेशन गिरिडीह के धार्मिक स्थल मधुबन स्थित सम्मेद शिखरजी पारसनाथ के सिद्धायतन परिसर में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने की। संचालन प्रांतीय महामंत्री रवि शंकर शर्मा ने की।

अधिवेशन में आए सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन प्रांतीय पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर किया। अधिवेशन मे प्रांतीय महामंत्री ने मारवाड़ी सम्मेलन की क्रियाकलापों एवं कार्यों की प्रतिवेदन पेश किया एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष ने आय-व्यय का ब्यौरा दिया। संविधान संशोधन प्रस्ताव पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सरावगी ने प्रस्तुत किया।

बैठक में सदस्यता विस्तार पर गहन चर्चा करते हुए प्रत्येक परिवार से एक सदस्य को सामाजिक संगठन में जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। तथा सदस्यता शुल्क की 50% राशि जिलों की देने को स्वीकृति दी गई। मिलनी नेग के चार रुपैया के स्थान पर दो अथवा बीस रुपए के दो सिक्को से लिफाफा बनाने और लागू करने को स्वीकृति दी गई।

प्रदेश अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने कहा कि मारवाड़ी समाज राजनीतिक क्षेत्र में भी आगे आये तथा पूरे राज्य में होने वाले सभी नगर निकाय चुनाव विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा समाज के लोग जन भागीदारी करें, सम्मेलन पूरे तन मन धन के साथ उनका पूर्ण सहयोग करेगा।

अधिवेशन में समाजसेवी प्रेम मित्तल को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के निर्देशक मनोनीत किए जाने पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा प्रेम मित्तल को स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि अधिवेशन में झारखंड के विभिन्न जिलों से ढाई सौ से भी अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। तथा बैठक में-विनय सरावगी, प्रदीप राजगढ़िया, अरुण बुधिया, मनोज बजाज, रवि शर्मा, प्रेम मित्तल, संजय सर्राफ, सुरेश जैन, दीपक पारीक, संदीप मुरारका, ओमप्रकाश रिंगसिया, कृष्णा अग्रवाल, अशोक जैन पांड्या, श्रवण केडिया, श्यामसुंदर जैन, अजय भरतिया, शिव शंकर साबू, प्रकाश पटवारी, लक्ष्मीकांत दीक्षित, श्याम सुंदर शर्मा, निर्मल बुधिया, श्याम सुंदर अग्रवाल, गोपाल पारीक, मनीष लोधा, शिवप्रसाद राजगढ़िया, दीपक सराफ, जयप्रकाश शर्मा, प्रवीण व्यास, पवन पोद्दार, किशोर बंका, अवधेश मित्तल, दिनेश खेतान, योगेश तुलसियान, ललित झुनझुनवाला, जितेंद्र अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या मे सदस्यगण उपस्थित थे।

# खबर एक नजर में

### दुमका के बच्चों से मिलने मोहाली टोला आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बुधवार को दुमका जिला अंतर्गत घासीपुर ग्राम के मोहली टोला गये। उन्होंने वहां स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का अवलोकन किया। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के पोषण के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आंगनबाड़ी परिसर में पौधारोपण भी किया। राज्यपाल इसके बाद उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, घासीपुर गये तथा वहां अध्ययनरत बच्चों से मिले. उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए विद्यालय में प्राप्त सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

### महिलाओं के लिए प्रेरणा बनीं पर्वतारोही आशा

**रांची।** नेशनल खिलाड़ी और पर्वतारोही आशा मालवीय 12 राज्यों का सफर एक साधारण साइकिल से तय कर रांची पहुंची है। नेशनल गेम में 100 मीटर एवं 200 मीटर का एथलीट रह चुकी आशा मालवीय ने एक पर्वतारोही के नाम पर 20, 500 फीट का तिरंगा लहराने में सफलता हासिल की है। डर के आगे जीत है कि प्रेरणा लेकर आशा मालवीय महिलाओं के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बनी हुई है। बुधवार को आशा मालवीय पुलिस मुख्यालय गयी थीं।

### न्यूक्लियस मॉल के मामले में फैसला रखा सुरक्षित

**रांची।** जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर यूनियन ऑफ इंडिया, मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस की याचिका की आंशिक सुनवाई बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद मामले में आदेश के लिए 29 मार्च की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है।

### कोर्ट ने पूछा, लैंड सर्वे कब तक होगा पूरा

**रांची।** झारखंड में लैंड सर्वे पूरा करने को लेकर दाखिल गोकुल चंद की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को 2 सप्ताह में प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि झारखंड में लैंड सर्वे का काम कब तक पूरा होगा। मामले की अगली सुनवाई 4 मई को होगी।

### ट्रांसफारमर जला, बिजली गुल

**रांची।** मेन रोड में सुजाता चौक के पास कल्याण ज्वेलर्स के निकट बिजली ट्रांसफार्मर में देर शाम भीषण आग लग गयी। धीरे-धीरे आग की लपटें फैलने लगी। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग नहीं बुझी। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पा लिया। बताया जाता है कि आग लगने से क्षेत्र की बिजली गुल हो गई है।

### नववर्ष की विशेष आरती की गयी

**रांची।** हिंदू नववर्ष 2080 और वर्ष प्रतिपदा पर बुधवार को श्री श्याम मंदिर में मंडल के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व राज्य सभा सदस्य ने नववर्ष की विशेष आरती की। उन्होंने भक्तों को प्रसाद वितरण कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी।

### यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक बीआइटी मेसरा में रक्तदान शिविर

**रांची।** यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक बीआई टी मेसरा रांची में बुधवार को हिंदू नववर्ष के अवसर पे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सदर अस्पताल में डॉ मनोरंजन महतो, महेश, पवन, शालिनी की देख रेख में हुआ। यूको बैंक ने कार्यक्रम को स्पॉन्सर किया ।

### आइएलसीसी में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित

**रांची।** इंटरनेशनल लाइब्रेरी एंड कल्चरल सेंटर ने बुधवार को एक सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता आइएलसीसी के युवा छात्र सदस्यों के लिए खुली थी। दो चरणों में आयोजित क्विज के लिए 52 उत्साही सदस्यों ने पंजीकरण कराया। क्विज मास्टर श्री रवि शर्मा थे। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन आईएलसीसी लाइब्रेरियन निवेदिता शर्मा ने किया।

### नीरजा सहाय डीएवी में मेडिकल जांच शिविर आयोजित

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में सत्र 2022-23 के वार्षिक परीक्षाफल के साथ अभिभावकों एवं बच्चों के लिए बुधवार को मेडिकल कैंप लगाया गया। इसमें एलकेजी से 7वीं तक की कक्षा के छात्र-छात्राओं को परीक्षा का परिणाम पत्र दिया गया। इस वर्ष परिणाम बहुत अच्छा रहा, जिसकी खुशी छात्रों एवं अभिभावकों के चेहरे पर साफ देखी जा रही थी। अभिभावक विद्यालय के अनुशासन एवं शिक्षण प्रक्रिया की सराहना करते पाए गए।

### बीजविट और बीसीए वारियर्स की आज होगी भिड़ंत

**रांची।** बीआईटी के लालपुर कैंपस में कबड्डी मुकाबले में लड़कों के सेमीफाइनल मुकाबले में बीजविट और बीसीए वारियर्स ने जीत कर फाइनल में जगह बना ली। आाज दोनों वर्गों का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। आज के मुकाबले में आयुष राज अपूर्वा यस ऋतिक ने बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाया। गुरुवार को खोखो कबड्डी का फाइनल खेला जायेगा।

### जेसीएसएसआइ ने किया वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन

**रांची।** ज्वाइंट कमिटी ऑन सेफ्टी, हेल्थ एंड इनवायरनमेंट इन द स्टील इंडस्ट्री (जेसीएसएसआइ) ने बुधवार को सेल इस्पात भवन में वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया। पुरस्कार सिरोह की अध्यक्षता अरविंद कुमार सिंह, चेयरमैन, जेसीएसएसआइ एवं निदेशक (तकनीकी, परियोजना एवं रॉ मेटेरियल्स) सेल ने की।

### विशेष लोक अदालत का हुआ आयोजन

**रांची।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देश पर झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची द्वारा दिनांक 18 मार्च एवं 20 मार्च 2023 से 23 मार्च 2023 तक व्यवहार न्यायालय रांची के परिसर में मोटरयान दुर्घटना मुआवजा से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इसी क्रम में बुधवार को आयोजित विशेष लोक अदालत में एक वाद को सफलतापूर्वक सुलझा लिया गया है।

### विश्व जल दिवस पर डालसा ने दी जल संरक्षण की जानकारी

**रांची।** झालसा कैलेंडर के अनुसार बुधवार को इटकी ब्लॉक के कुंदी पंचायत भवन में विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता बिरेंद्र प्रताप, सौरभ पांडेय एवं पीएलवी बेबी देवी, रीना लिंडा, उमेश कुमार, सतीश कुमार एवं राजा वर्मा पीएलवी उपस्थित थे।

### न्याय के लिये 65,000 विधिक शब्दों पर हो रहा काम

**रांची।** केंद्रीय मंत्री किरण रिजूजू ने कहा कि आम जनता को न्याय दिलाने के लिये 65 हजार विधिक शब्दों पर काम हो रहा है। दरअसल, सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में सवाल पूछा था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में न्याय और न्याय की भाषा आम जनता समझ सके, इसके लिए 65,000 शब्दों की विधिक शब्दावली को जनता के लिए उपलब्ध कराने के लिये डिजिटाइज करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही क्राउड सोर्सिंग के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बनाने की भी प्रक्रिया चल रही है। श्री सेठ ने यह सवाल किया था कि भारत के बच्चों को हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में कानूनी शिक्षा मिले, न्यायालय के कार्य हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में हों, इसके लिए कोई योजना बनाई गई है क्या।

### नियोजन नीति असंवैधानिक व ओबीसी विरोधी : राजेश गुप्ता

**रांची।** राज्य में जिला स्तरीय पदों पर नियोजन नीति लागू की है। यह नियोजन नीति असंवैधानिक व ओबीसी विरोधी है। इसलिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में आज एक आक्रोश मार्च निकालकर अल्बर्ट एक्का चौक पर नियोजन नीति की प्रति को जलाकर विरोध दर्ज किया गया है।

### मूलवासी सदान मोर्चा ने विरोध किया

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के तत्वावधान में बुधवार को मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में शाम पांच बजे अल्बर्ट एक्का चौक में सात जिलो में ओबीसी का आरक्षण शून्य किए जाने और रांची सहित अन्य जिलों में सरकार द्वारा निर्धारित 14 प्रतिशत आरक्षण से कम दिए जाने के विरोध में जिलावार आरक्षण रोस्टर की प्रतियां जलायी गयी।

### हिंदुस्तान में विक्रम संवत का विशेष महत्व

**रांची।** नववर्ष विक्रम संवत 2080 के उपलक्ष्य में श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ संघ के आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री रमेशकुमार जी तथा मुनिश्री रत्न कुमार जी ने बुधवा्र को रांची प्रवास के दौरान दिगम्बर जैन भवन हरमू में प्रवचन किया। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत का हमारे हिंदुस्तान में बड़ा महत्व है।

## स्पीड न्यूज

### श्री श्री शीतला माता मंदिर गढ़हाबासा में नवरात्रि सह ज्वारां पूजन आरंभ



जमशेदपुर। श्री श्री शीतला माता मंदिर गढ़हाबासा में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आज माता शैलपुत्री पूजन के दिन 31 ज्योति कलश की स्थापना की गई, मुख्य अतिथि के रूप में जेएमएम नेता राजू गिरी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार और भाजपा नेता खेमलाल चौधरी जी ने ज्योत प्रज्वलित किया। छतीसगढ़ी परंपरा के अनुसार होने वाले पूजन में प्रत्येक दिन पूजा पाठ के साथ माता को सेवा मंडली द्वारा संध्या में समय जश गीत और भजन के माध्यम से सेवा की जाती है। माता बम्लेश्वरी के दरबार के पूजा पाठ की पद्धति को अपनाते हुए पूजा पाठ में स्वच्छता का तो ध्यान रखा जाता है। भाजपा नेता दिनेश कुमार ने कहा कि नवरात्रि ज्वारां यह समाज का पारंपरिक और धार्मिक त्यौहार है जहां बहुत ही विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है बुधवार के ज्योत प्रजवल्लन कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम प्रकाश साहू, खेमलाल साहू, संजय प्रसाद, परमानंद कौशल, विश्वनाथ कौशल, बाहर लाल साहू, तुलसी निषाद, रवि शंकर दुबे, भोला सिंह, देवनारायण साहू, हरिचरण साहू, जमुना साहू, सोनामुनी सांडिलय, वेदबती यादव, प्रेमु यादव, ओली चक्रवर्ती, आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जमियत उलेमा-ए-हिन्द के शिविर में रक्तदान



जमशेदपुर। जमशेदपुर ब्लड बैंक धतकीडीह में जमशेदपुर इंटेलेक्चुअल युथ ऑर्गनाइजेशन और मेडिकल विंग जमियत उलेमा-ए-हिंद सिंहभूम जमशेदपुर के द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें 11 यूनिट रक्त संग्रह किया गया है। इस रक्त संग्रह शिविर में खुद आयोजक अब्दुल कादिर खान ने 26 वीं बार रक्तदान किया है। इस शिविर को सफल बनाने में अल्ताफ हुसैन खान, सैयद मोहम्मद वलिउल्लाह, स्वर्णा मोहंती और ब्लड बैंक के तकनीकी कर्मचारियों की अहम भूमिका रही।

### उषा सिंह बनी श्री हनुमान महिला अखाड़ा समिति की अध्यक्ष



जमशेदपुर। श्री हनुमान महिला अखाड़ा समिति द्वारा रामनवमी की तैयारी को लेकर सोनारी स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में नयी कमिटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से उषा सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। नयी कमिटी में देविका सिंह को उपाध्यक्ष, चन्दा सिंह को महासचिव, मीरा तिवारी, सरोज गांधी, कंचन को सहायक सचिव, नीतू सिंह एवं ममता सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी हैं। विनोद प्रसाद, यमुना तिवारी और राज श्रीपति को संरक्षक बनाया गया हैं। इसी प्रकार प्रभा तिवारी, रशिम दास, संगीता राज, डा. पूर्णिमा सिंह को कार्यक्रम आयोजन सचिव तथा सात लोगों को सचिव क्रमशः मालती तिवारी, नीतू आटे, किरण देवी, विना सिंह, नमिता सिंह, रिचा, शति वघावन बनाया गया हैं। नेहा भारद्वाज, उमा कोड़ा मनलूसा को सदस्य बनाया गया हैं।

### रामनवमी को लेकर चांडिल थाना में हुई शांति समिति की बैठक



चांडिल। बुधवार को चांडिल थाना परिसर में सरहुल, रामनवमी एवं रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सरहुल रामनवमी एवं रमजान को हर वर्ष की भांति शांतिपूर्वक मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। चांडिल थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा असामाजिक तत्व पर प्रशासन की खास नजर रहेगी। बैठक में बीडीओ मनीष कुमार, सीओ प्रणव अमबष्ट, ओमप्रकाश लायेक, बोनु सिंह सरदार, मिलन प्रमाणिक, मनमन सिंह, नवीन पसारी, रजिया सुल्ताना, सुब्रतो चटर्जी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने विस्थापितों का नियोजन, वासगत पर्चा संवंधित मांग उठाई

चांडिल। विधायक सविता महतो ने विधानसभा में विस्थापितों का नियोजन, डैम के 13 पुनर्वास स्थल पर वासगत पर्चा व घोड़ानेगी के रैयतो का भू अर्जन के द्वारा अतिक्रमण का मामला विधानसभा में उठाई।

### चांडिल अनुमंडल अस्पताल की छत का प्लास्टर गिरा

चांडिल। बुधवार को चांडिल अनुमंडल अस्पताल का छत का प्लास्टर टूट कर गिर गया। अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी माहौल बन गया।

# विहंगम योग संत समाज द्वारा निकाली गयी स्वर्वेद यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। बुधवार को भारतीय नव वर्ष के शुभारंभ अवसर पर विहंगम योग संत समाज द्वारा पूरे भारत वर्ष के 257 जिलों में विश्व की अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ 'स्वर्वेद' को जन जन-मन मन तक पहुंचाने एवम जनमानस का कल्याण तथा विश्वशान्ति स्थापना हेतु भव्य 'स्वर्वेद यात्रा' निकाली गई। यात्रा की शुभारंभ पंडित योगेन्द्र नाथ पाण्डेय जी द्वारा शंख बजाकर एवम विहंगम योग संत समाज के स्तम्भ सह झारखंड के प्रमुख परामर्शक कन्हैया लाल अग्रवाल तथा जिला संयोजक डॉ डी पी शुक्ला द्वारा हरी झंडी दिखलाकर किया गया। 150 जिज्ञासुओं संग निकली यात्रा काशीडीह दुर्गा पूजा मैदान से प्रारंभ होकर साकची राजीव चौक, रामलीला मैदान एवम कालीमंदिर होते हुए पुनः काशीडीह दुर्गा पूजा मैदान में समाप्त



हुई। यात्रा के दौरान जय स्वर्वेद कथा की धुन बजती रही एवम ब्रम्हविद्या विहंगम योग की जय, सद्गुरु देव भगवान की जय, स्वर्वेद महामन्दिर धाम की जय के नारे लगते रहे। कार्यक्रम संयोजक उमेश यादव, कन्हैया लाल अग्रवाल, नगीना सिंह, घनश्याम गोयल, नीरज मिश्रा, सुष्मिता पाण्डेय, आशा देवी, योगेंद्र नाथ पाण्डेय, देवेश शर्मा, महावीर अग्रवाल, दीपक शर्मा, संजय सावा, भीम राज, रूबी देवी, शिला देवी, अनिल सिंह, रौशन पाण्डेय, रानी सिंह, टाटा आश्रम के पुरोहित महावीर जी एवम शंकर जी ने कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया।

# तुरामडीह में आयोजित तीन दिवसीय मागे परब सह जोहार नाइट 24 से, तीन राज्यों से आयेंगे बीस से अधिक सांस्कृतिक दल

### 26 को समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा होंगे मुख्य अतिथि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। तुरामडीह टावर ग्राउंड में जोहार ट्रस्ट की ओर से तीन दिवसीय मागे पर्व 24 मार्च से 26 मार्च तक भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसको लेकर ट्रस्ट के लोग जोरों से तैयारी कर रहे हैं। तुलसी भवन में प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष पिंटू चाकिया ने कहा कि इस वर्ष मागे पर्व बहुत ही भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। टावर



संवाददाता सम्मेलन में कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते पिंटु चाकिया, सुरा बिरुली व अन्य।

ग्राउंड में पिछले आठ वर्षों से जोहार नाइट का आयोजन होता आ रहा है। उन्होंने कहा कि 24 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा और 25 मार्च को जोहार नाइट का आयोजन होगा। इसमें इंडिया गोट टैलेंट की सेकेंड रनरअप टीम बॉम्ब फायर क्रू लाइव परफॉमेंस देगी। 26 मार्च को खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा शामिल होंगे। साथ ही मंच की शोभा बढायेंगे, पद्मश्री डॉक्टर जानुम सिंह सोय, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महताब सिंह और वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रमेश बाबू। इस आयोजन में झारखंड, बंगाल, ओडिशा के बीस से अधिक सांस्कृतिक दल हिस्सा लेंगे। पिंटु चाकिया ने यह भी कहा है कि जन समुदाय के मनोरंजन एवं सुविधा के लिए यह प्रोग्राम ऑर्गनाइज किया गया है। कमेटी की ओर से पूरी कोशिश रहेगी कि सभी को इस आयोजन से आनन्द और सांस्कृतिक ऊर्जा मिले। इस दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा या दिक्कत हो तो कमेटी उनकी सुरक्षा और सहयोग के लिए सदा तत्पर रहेगी। कमिटी ने कहा कि प्रोग्राम कला और संस्कृति के संवर्धन के लिए है इसलिए इसमें हर किसी का सहयोग अपेक्षित है। प्रेस वार्ता में पिंटू चकिया के अलावा सुरा बिरूली पुर्व जिलाध्यक्ष, अजीत गुइयां (दिवरी) सुराय गुइयां (पूर्व प्रधान) कान्हू मुर्मु (मुखिया) दिग्गी, निरद् सरदार (पूर्व मुखिया) लिशा गुइयां, राजुराज बिरुली (कलाकार), मंगल केराई समेत, अन्य उपस्थित थे।

### नियोजनालय, गोलमुरी में आयोजित मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में 507 उम्मीदवारों को मिले ऑफर लेटर

# युवा नियोजनालय में निबंधन करायें, रोजगार दिलायेंगे : डीसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी (जेएसडीएमएस), झारखण्ड, रांची के तत्वावधान में जिला कौशल कार्यालय द्वारा अवर प्रादेशिक नियोजनालय, जमशेदपुर कार्यालय परिसर में एक दिवसीय मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कौशल प्रशिक्षित एवं शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से आयोजित इस मेगा कैम्प में लगभग 1500 युवक-युवतियों ने भाग लिया जिसमें अधिसूचित रिक्तियों के लिए विभिन्न नियोजकों के द्वारा कुल 858 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्टेड एवं कुल 507 उम्मीदवारों को अन्तिम रूप से चयनित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले की उपायुक्त विजया जाधव शामिल हुईं जिन्होने चयनित बच्चों के बीच ऑफर लेटर वितरित किया। मौके



एक युवती को ऑफर लेते प्रदान करती डीसी विजया जाधव।

पर निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, जिला कौशल पदाधिकारी बम बैजू मौजूद रहे। इस अवसर पर उपायुक्त एवं उपस्थिति अतिथियों ने झारखंड कौशल विकास मिशन सोसायटी द्वारा चलाऐ जा रहे योजनाओं से संबंधित पुस्तक का विमोचन किया। उपायुक्त ने कैम्प में पहुंचे युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में हम अच्छे अवसर खो देते हैं, जरूरी है कि युवा जागरूक रहें। उन्होने अपील किया कि वैसे सभी शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियां अपना निबंधन नियोनालय में अवश्य करायें ताकि नियोजकों द्वारा रिक्तियां प्राप्त होने पर ससमय आप सभी को सूचित किया जा सके। डीसी ने आश्वस्त किया कि इसी तरह का एक मेगा प्लेसमेंट कैम्प घाटशिला अनुमंडल के ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को ध्यान में रखकर आयोजित किया जाएगा। उन्होने कहा कि सरकार का यही लक्ष्य है कि शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार की तलाश में दूसरे राज्य नहीं जाना पड़े, यहीं अपने राज्य और जिले में रोजगार उपलब्ध कराये जाएं इस उद्देश्य के तहत कैम्प आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला एवं अन्य स्थानों से कुल 29 नियोजकों के द्वारा 2687 रिक्तियां उपलब्ध कराई गई थी जिसमें प्रमुख रूप से बीएमडब्लू इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, स्टील स्ट्रीप वील्स लिमिटेड, ड्रीम स्ट्रीम प्रा. लि, क्वालिटी फेवरिकेटरर्स, सेवा सहयोग सिक्यूरिटी प्रा लि आदि शामिल थे जिन्होने सेफ्टी ऑफिसर, ट्रेनी, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, हाउस कीपिंग, गनमैन, सुरक्षा सुपरवाइजर, ऑफिस स्टाफ, कुक, आईटीआई वेल्डर, फीटर, मेकेनिकल सुपरवाइजर, वेल्डर सह ग्लास कटर, फील्ड ऑफिसर, मार्केटिंग, क्लाविटी कंट्रोल, मोल्डिंग हेल्पर, रिसेप्शनिस्ट, ड्राइवर, कांटा ऑपरेटर, सिविल इंजीनियर, गैस कटर, पेंटर, ग्राइंडर, हेल्पर, डाई फीटर, मेडिलन ट्रेनी, अप्रेंटिस ट्रेनी, स्वींग मशीन ऑपरेटर, ब्युटिशियन जैसे पदों पर भर्ती ली है।

इसके साथ ही जिले में कार्य कर रहे विभिन्न कौशल एजेन्सी यथा- झारखण्ड कौशल विकास योजना, दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र (मेगा), कल्याण गुरूकुल, आर- सेटी, एनयूएलएम, जेएसएलपीएस एवं मॉडल कैरियर सेन्टर, टाटा स्टील फाउण्डेशन, पूर्वी सिंहभूम ने भी भाग लिया। इस अवसर पर प्रियंका भारती, नियोजन पदाधिकारी के साथ शिवान्सु सिंह, एमजीएनएफ फेलो, जिला पीएमयू के सदस्य एवं कार्यालय कर्मी भी उपस्थित थे।

# 30 मार्च को धूमधाम से राजस्थान प्रदेश स्थापना दिवस मनाने का निर्णय

पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक में बनी रणनीति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। अग्रसेन भवन के प्रांगण में मुकेश मित्तल जी की अध्यक्षता में पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन की संरक्षक एवं कार्यकारणी समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य आगामी 30 मार्च को होने वाले राजस्थान दिवस के आयोजन के ऊपर चर्चा करना एवं सभी का सुझाव



बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष मुकेश मित्तल।

लेना था। सर्वप्रथम अध्यक्ष मुकेश मित्तल जी के बताया कि राजस्थान प्रदेश की स्थापना 30 मार्च, 1949 को राजपुताना नाम से की गई, जिसे बाद में बदलकर राजस्थान नाम दिया गया। राजस्थान प्रदेश स्थापना की प्रसन्नता एवं उल्लास में आगामी 30 मार्च, 2023 को धालभूम क्लब मैदान में राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में जिला महासचिव सीए विवेक चौधरी ने राजस्थान दिवस की रूपरेखा के बारे में बताया।

# एक्सएलआरआइ में 25 मार्च को जुटेंगे देश व दुनिया के दिग्गज सप्लाइ चेन मैनेजमेंट पर होगा मंथन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम (जीएम) की ओर से क्लॉकस्पीड 3.0 का आयोजन किया जा रहा है। एक्सएलआरआइ की ओर से तीसरी बार ऑपरेशंस एंड सप्लाइ चेन कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। 25 मार्च को आयोजित होने वाला ये कॉन्क्लेव फिजिकल और वर्चुअल मोड में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ, एपिक टेस्ला पावर, यूएसए, सुभाष आर्य रहेंगे। क्रिएटिंग वैल्यू थ्रू अ सस्टेनेबल सप्लाइ चेन विषय पर आयोजित इस कॉन्क्लेव में देश के कई प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। जो मौजूदा दौर में सप्लाइ चेन मैनेजमेंट के साथ ही अलग-अलग विषयों पर मंथन करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत एक्सएलआरआइ के प्रोफेसर डॉ आलोक राज करेंगे। इस दौरान सप्लाई चैन के विषय पर मिलिंद कानेतकर, प्रबंध निर्देशक/प्रिंसिपल, चैनालिटिक्स, अभय श्रीवास्तव, प्रेसिडेंट ऑपरेशंस, मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड द्वारा चर्चा की जाएगी। सौमोव कुंडू, संचालन निर्देशक-



पूर्व, डीएचएल सप्लाई चेन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड। पुष्कर मुखर्जी, उपाध्यक्ष और आपूर्ति श्रृंखला के प्रमुख, इमामी एग्रोटेक लिमिटेड, जिसे पीजीडीएम की छात्रा संजना वार्ष्णेय द्वारा संचालित किया जाएगा। दूसरे पैनल का शीर्षक 'आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में ईएसजी का महत्व' है, जिस पर रंजन सिन्हा, ग्लोबल सॉल्यूशन एंड इंप्लीमेंटेशन, एनविजन एंटरप्राइज सॉल्यूशंस, अनीश अजीज, हेड- लॉजिस्टिक्स- ऑप्टिकल नेटवर्क बिजनेस, एसटीएल - स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज द्वारा चर्चा की जाएगी। सेंथिल इंदिरन, प्रमुख और वरिष्ठ निदेशक - ईआरपी आपूर्ति श्रृंखला अभ्यास, ओरेकल ग्लोबल सर्विसेज सेंटर और मोहम्मद अदीब जनरल मैनेजमेंट एरिया, एक्सएलआरआई जमशेदपुर द्वारा संचालित।

# टाटा स्टील को सीपीडी से मिला 2022 'सप्लायर एंगेजमेंट लीडर' सम्मान

**जलवायु परिवर्तन पर सप्लायर एंगेजमेंट के लिए शीर्ष 8% में मूल्यांकन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर/ टाटा स्टील को अपनी आपूर्ति श्रृंखला में पर्यावरणीय जोखिमों को मापने एवं उसे कम करने के प्रयासों के लिए सीडीपी, जो कि वैश्विक पर्यावरण गैर-लाभकारी चैरिटी है, द्वारा 2022 'सप्लायर एंगेजमेंट लीडर' के रूप में सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि पिछले चार वर्षों में तीसरी बार प्राप्त होना दशार्ती है कि कंपनी को उसके आपूर्तिकर्ताओं द्वारा अधिकतम मूल्यांकित किया गया है। टाटा स्टील 2022 सीडीपी प्रकटीकरण के आधार पर, जलवायु परिवर्तन पर सप्लायर एंगेजमेंट के लिए मूल्यांकन किए गए शीर्ष 8% कंपनियों में से एक है। यह सम्मान कंपनी की आपूर्ति श्रृंखला में सस्टेनेबल अभ्यासों को लागू करने तथा ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, नियामकों, नीति निमार्ताओं तथा अन्य प्रासंगिक हितधारकों के साथ कम कार्बन अर्थव्यवस्था में परिवर्तन को गति देने के प्रयासों के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। द सप्लायर एंगेजमेंट रेटिंग सीडीपी की एक पहल है जो जलवायु परिवर्तन पर अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ जुड़ने के लिए कंपनियों के प्रयासों का मापन करती है। एसईआर सीडीपी जलवायु परिवर्तन प्रश्नावली में शासन, लक्ष्य, स्कोप 3 उत्सर्जन तथा मूल्य श्रृंखला जुड़ाव के प्रदर्शन पर कंपनियों का आकलन करती है। टाटा स्टील की सम्पर्क प्रथाओं को अनुकरणीय माना गया है, जिससे इसके प्रयासों को उच्चतम रेटिंग 'ए' प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए संजीव पॉल, वाइस प्रेसिडेंट (सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी), टाटा स्टील ने कहा, टाटा स्टील में, हमारा विश्वास है कि हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाने के लिए टिकाऊ व्यावसायिक अभ्यास महत्वपूर्ण हैं। कार्बन उत्सर्जन कम करना केवल एक पर्यावरणीय जिम्मेदारी नहीं है, यह एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनिवार्यता भी है। हम मानते हैं कि स्थायी व्यवसाय प्रथाओं को चलाने के लिए हमारे आपूर्तिकर्ताओं और हितधारकों के साथ जुड़ना आवश्यक है। हम सीडीपी द्वारा 2022 के 'सप्लायर एंगेजमेंट लीडर' के रूप में सम्मान प्राप्त कर गौरवान्वित हैं। पीयूष गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट (ग्रुप स्ट्रेटेजिक प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन), टाटा स्टील ने कहा, वैल्यू चेन में उत्सर्जन को संबोधित करना शून्य उत्सर्जन की ओर बढ़ने की दिशा में एक आवश्यक कदम है। हमने अपने स्कोप 3 कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई पहल की हैं तथा भविष्य में अपने कार्बन फूटप्रिंट को कम करने की योजना है। सोन्या भोंसले, ग्लोबल हेड ऑफ वैल्यू चेन्स, सीपीडी ने कहा, इस वर्ष की रिपोर्ट दशार्ती है कि वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री तक सीमित करने के लिए आवश्यक गति, पैमाने एवं गुंजाइश पर पर्यावरणीय कार्रवाई नहीं हो रही है, क्यो कि अभी भी बहुत सी कंपनियां यह स्वीकार नहीं कर रही हैं कि उनके संचालन एवं जलवायु परिवर्तन से बड़ा प्रभाव पड़ रहा है। प्रकृति पर कॉर्पोरेट रिपोर्टिंग पर कॉल टू एक्शन में सीओपी 15 स्पष्ट नहीं हो सकता था। यदि कोई कंपनी आपूर्ति श्रृंखला में प्रकृति पर भविष्य के नियमों की तैयारी नहीं कर रही है, तो वे जोखिमों की एक विस्तृत श्रृंखला के द्वार खुले हैं और उन अवसरों से भी चूक सकते हैं जो प्रकृति की सुरक्षा लाएंगे।

### नीतीन गडकरी आज करेंगे डबल डेकर फ्लाई ओवर का शिलान्यास



जमशेदपुर। केंद्रीय राज्य मार्ग मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को गोपाल मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में एनएच-33 पर स्थित पारडीह काली मंदिर से लेकर बालिगुमा तक डबल डेकर फ्लाईओवर ब्रिज का शिलान्यास करेंगे। यह प्रोजेक्ट कुल 2000 करोड़ रुपये का है जिसे सांसद विद्युत वरण महतो के बार-बार दबाव देने के पश्चात केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने स्वीकृति दी है। शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गडकरी गुरुवार की दोपहर 1:00 बजे गोपाल मैदान पहुंचेंगे और वहां लगे प्रोजेक्ट गैलरी का भ्रमण करेंगे। दोपहर 1:40 पर वे मंच पर पधारेंगे और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद विद्युत वरण महतो एवं पूर्व सीएम रघुवर दास के साथ मिलकर शिलान्यास कार्यक्रम का शुभारंभ मंगल दीप प्रज्वलित कर करेंगे।

# टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर में विश्व जल दिवस मनाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। टाटा स्टील यूटिलिटीज इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज लिमिटेड (टाटा स्टील यूआईएसएल) ने जल संरक्षण और प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कई गतिविधियों के साथ विश्व जल दिवस मनाया मनाया। टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय के साथ टाटा स्टील के मुख्य कॉर्पोरेट सेवा प्रणय सिन्हा की उपस्थिति में शिरकत की। इस वर्ष के विश्व जल दिवस की थीम, त्वरित परिवर्तन को जल संरक्षण




जागरुकता रैली को रवाना करते कंपनी के एमडी रितुराज सिन्हा व यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय।

पर एक इंटरैक्टिव सत्र और जल प्रबंधन में चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उजागर किया गया था। इस कार्यक्रम में टाटा स्टील यूआईएसएल की विभिन्न जल संरक्षण पहलों को प्रदर्शित करने वाले सूचनात्मक स्टालों को भी प्रदर्शित किया गया। दिन की शुरूआत सुबह 6 बजे कीनन स्टेडियम से एक रैली के साथ हुई, जिसे टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे के साथ झंडी दिखाकर रवाना किया, इसके बाद एक प्रदर्शनी और चर्चा हुई। इस अवसर पर रितु राज सिन्हा ने सभा को संबोधित किया और कहा, हम जल संरक्षण के प्रति अपने योगदान पर बहुत गर्व महसूस करते हैं, और यह आयोजन हमें जल संरक्षण के वैश्विक लक्ष्य के प्रति अपना समर्थन देने का अवसर देता है। विश्व जल दिवस समारोह के दौरान, विभिन्न प्रतियोगिताओं और सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें सामुदायिक केंद्रों और स्कूलों में जल जागरूकता अभियान, रेडियो पर जल संरक्षण से संबंधित संदेश, पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता, इंटरनेट प्रश्नोत्तरी, और जल संरक्षण और जल से संबंधित एलईडी डिस्प्ले शामिल हैं। टाटा स्टील यूआईएसएल दीर्घकालिक पहलों के माध्यम से पानी की खपत को कम करने और अपशिष्ट जल को रिसाइकिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने कई वर्षा जल संचयन परियोजनाओं को लागू किया है, और समुदाय आधारित जल संरक्षण पहल प्राथमिकता रही है। अपने समर्पित प्रयासों के माध्यम से, टाटा स्टील यूआईएसएल का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य में योगदान करना है, जिसका उद्देश्य सभी के लिए जल और स्वच्छता की उपलब्धता और सतत प्रबंधन सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम टाटा स्टील यूआईएसएल के जल प्रभाग विभाग द्वारा आयोजित किया गया था।

## खबर एक नजर में

### मनुष्यता का मार्ग दिखाता है रामचरित मानस : संत राघव जी महाराज



जमशेदपुर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री राममन्दिर टेल्को के प्रांगण में रामनवमी व श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर ख्याति प्राप्त कथा वाचक संत श्रद्धेय राघव दास जी महाराज जो अयोध्या से पधारे है। उनके मुखार बिंद से रामकथा व रामचरित मानस पर आध्यात्मिक प्रवचन बुधवार को नवरात्र के पहले दिन 22मार्च से शुरू होकर रामनवमी तक 30मार्च तक संध्या 7:00बजे से 9:00बजे तक अनवरत चल रहा है। इस प्रवचन रामकथा का श्रवण करने के लिये पहले दिन काफी संख्या में रामभक्त श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे राममन्दिर प्रांगण को श्री राम नामी झंडे से पाट दिया गया है जो रामनवमी महोत्सव की शोभा बढ़ा रहे है। रामकथा के पहले दिन मुख्य अतिथि व राममंदिर समिति के अध्यक्ष मानस मिश्रा सपत्नीक उपस्थित हुए। आज के कथा के बाद सामूहिक आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।इस रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने में श्री राममन्दिर समिति टेल्को के महामंत्री चन्द्रभान सिंह, कृष्ण कुमार मिश्रा, बबन पाण्डेय, नरेंद्र कुमार सिंह (हैप्पी), नंदलाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सुनील कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, राजेश पाण्डेय, अभय पाण्डेय, दीपक कुमार, सुरेश दूबे, पप्पू पाण्डेय, सुमंत मिश्रा, राजेश भोजपुरिया, मनंजय पाण्डेय, कामेश्वर सिंह, राकेश कुमार सिंह, वेंकट राव, निगम पाण्डेय, अर्जुन चौबे इत्यादि लगे हुये है।

### झारखंड में विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड का गठन करे सरकार : विश्वकर्मा समाज



जमशेदपुर। बुधवार को जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज की अनुशंगी ईकाई टेल्को क्षेत्र का बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में स्थानीय पदाधिकारीयों और जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के केन्द्रीय पदाधिकारीयों के अलावे स्थानीय लोग भी भारी संख्या में उपस्थित हुए। भगवान विश्वकर्मा जी को माल्यार्पण कर बैठक की शुरूआत की गई। मंच संचालन समाज के संयोजक सुरेश शर्मा जी द्वारा की गई। उपस्थित अतिथि टाटा मोटर्स युनियन के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा, उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, सहायक सचिव के पी शर्मा के अलावे केन्द्रीय अध्यक्ष राम विलास शर्मा, महामंत्री सुजीत शर्मा, सहायक महामंत्री महेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य विषय जाति प्रमाण पत्र, समाज का जनगणना, युवा/महिला के कमिटी का गठन करना मुख्य रूप से रहा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के गठन के लिए आभार प्रकट किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया की झारखंड सरकार से भी विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की जाएगी। केन्द्र के महामंत्री सुजीत शर्मा ने कहा की विश्वकर्मा वंशज दूसरों के लिए कुर्सी का निर्माण करते रहे हैं अब वे कुर्सी पर बैठना सिख गये है और अपने अधिकार के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। अध्यक्ष रामविलास शर्मा ने संगठन के मजबूती पर जोड देते हुए सभी को संगठित रहते हुए समाज में अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर जोर दिये। सभी उपस्थित सदस्यों नेअपने अपने विचार दिए। धन्यवाद ज्ञापन सुरेश शर्मा द्वारा देकर बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

### रोट्रेक्ट क्लब ने बारीडीह मोची बस्ती में लगाया हेल्थ कैंप



जमशेदपुर। परियोजना ज्योति :3.0 नेत्र जांच शिविर के अन्तर्गत रोट्रैक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी ने बारीडीह के मोची बस्ती में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य मोची बस्ती के लोगों का इलाज था जिसके संदर्भ में कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय द्वारा किया गया। शिविर में विशेषज्ञ नीरज और अब्दुल कादिर द्वारा सभी मरीजों की जांच की गई जिसका लाभ लगभग 126 लोगों ने उठाया एवं जरूरतमंदों के बीच चश्मा आदि का वितरण किया गया। साथ ही गंभीर मरीजों के लिए विस्तृत जांच की व्यवस्था मुहैया एवं साथ ही उन मरीजों के लिए डॉक्टर के साथ नियुक्ति भी तय की गई। परियोजना को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष रोटरैक्टर अमित कुमार, सचिव रोटरैक्टर निर्मल, रोटरैक्टर रोशन, रोटरैक्टर चंदन, रोटरैक्टर लक्ष्मी एवं रोटरैक्टर हर्षित ने अहम योगदान दिया।

### इनरव्हील क्लब ने सड़क सुरक्षा के लिए बच्चों को किया जागरूक




जमशेदपुर। इनर व्हील क्लब जमशेदपुर इस्ट ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाटिया बस्ती कदमा के बच्चो को सड़क सुरक्षा अधिकारी के सहयोग से सड़क सुरक्षा के नियम को पालन करने के लिए जागरूक किया,और सड़क दुर्घटनाग्रस्त लोगों को मदद करने के लिए जागरूक कियाऔर सरकार द्वारा मिलने वाली मदद की जानकारी दी। इस प्रोजेक्ट को समन्वित करने मे क्लब की पुर्व अध्यक्ष रेखा झा का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्कूल के प्रधानाध्यापक गोपेश्वर ठाकुर के अथक प्रयास से कार्यक्रम को सफल बनाना आसान हो गया। आर टी ओ अधिकारियो के द्वारा बच्चों के बीच प्रश्न उत्तर सत्र चला जिसमे बच्चो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और मन मे उठने वाले तरह तरह के सवाल की जानकारी ली। मौके पर सड़क सुरक्षा से सम्बंधित एक रैली भी निकाली गई। जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश कुमार, नवीन कुमार, अजय कुमार ने बच्चो और वहां उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे मे काफी विस्तृत जानकारी दी।मौके पर क्लब की अध्यक्ष अर्चना, सचिव मधुमीता सन्याल, पुर्व अध्यक्ष रेखा झा और पूनम वर्मा उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाई।

## स्पीड न्यूज

### जान जोखिम में डाल कर परीक्षा देने जाने को मजबूर हैं परीक्षार्थी


वाहन की छत पर बैठ कर परीक्षा देने जाते परीक्षार्थी।

उंटारी रोड(अमित चौधरी)। इन दिनों राज्य भर में मैट्रिक और इंटर का परीक्षा चल रहा है, ज्यादतर परीक्षार्थी अपने सेंटर पर जाने के लिए किराये का टेम्पू जीप व कमांडर का उपयोग करते हैं, जिसका फायदा उठा कर जीप कमांडर व टेम्पू संचालक ओवर लोड कर परिक्षार्थियों को सफर करा रहे है जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, ऐसा ही मामला जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र का भी है, यह तस्वीर बुधवार की सुबह करीब 8:30 की है। इस क्षेत्र की लगभग ज्यादतर जीप कमांडर का स्थिति जर्जर है फिर भी जीप संचालक परिक्षाथीर्यों को ओवर लोड कर तेज रफ़्तर से सफर करा रहे है इस ओर ना तो अभिवावक का कोई ध्यान है और ना ही शासन प्रशासन का, वाहन संचालक अपने निजी फायेदे के लिए आठ दस लोगों की सीट पर बीस लोगों को बैठाते है इसके बाद भी दिल नही भरता तो वाहन की छत के उपर दस और को बैठाते हैं। फिर अपने पूरी रफ्तार से चलते हैं। शासन प्रशासन की उदासीनता कहें या फिर विफलता जो कुछ भी हो अगर कोई अपिर्य घटना होती है तो इसका जिमेदार कौन होगा?

### नवसंवत्सर पर सरस्वती विद्या मंदिर के भैया बहनों ने शोभा यात्रा निकाली



**हरिहरगंज पलामू।** विक्रम संवत 2080 के आगमन पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा बुधवार को शहर के सतगांवा रोड़ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों ने घोष वादन के साथ शोभा यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया। प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने कहा कि हिन्दू नववर्ष का आरंभ के साथ शक्ति की आराधना और महर्षि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना इसी दिन की थी। विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को पानी के बोतल, बिस्किट व फ्रूटी देकर जलपान कराया। इस अवसर पर आचार्य मोहन ठाकुर, नीलिमा मेहता, संजय सिंह, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष भोला गुप्ता, शिक्षक शिवनंदन यादव उर्फ शिव गुरुजी, रामवृक्ष मस्ताना, अजय सिंह, मो असलम, आबिद उर्फ मुन्ना, रविंद्र मेहता, जितेंद्र मेहता आदि मौजूद थे।

### सदर थाना प्रभारी ने एक स्कॉर्पियो को पीछा कर अवैध शराब किया जब्त

**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के गुप्त सूचना पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने एक स्कॉर्पियो को पीछा कर सिंगरा गांव स्थित अमानत पुल के पास दबोचा। उसे जब तलास किया गया। तो उसमें 35 पेटी अवैध शराब बरामद किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि एसपी के गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस की वाहन को देखकर स्कार्पियो चालक तेजी से पड़वा थाना की ओर भागने लगा। जिसे पीछा कर अमानत नदी के पास पकड़ा गया। उन्होंने स्कॉर्पियो के चालक व एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो वे दोनों ने बताया कि यह शराब रामगढ़ से बिहार के अरवल में ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचने का काम माफियाओं द्वारा किया जाता है। गिरफ्तार व्यक्ति राहुल कुमार ग्राम रमजीके थाना दीघा पटना तथा दूसरा गोविंद कुमार झा पिता राजकुमार झा ग्राम मउबेहट मनिगाछी दरभंगा का रहने वाला है। इस अभियान में सअनी अभिमन्यु कुमार, हवलदार सुरेश बोदरा व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### नौडीहा बाजार : आकाशीय बिजली गिरने से अधेड व्यक्ति की मौत

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र डगरा पंचायत के अंताकला निवासी 55 वर्षीय कारू यादव की अपना भैस चरा रहे थे। अचानक करीब तीन बजे हलकी बारिश के साथ गर्जन हुआ तभी भैसे चरा रहे कारु यादव ने पानी से बचने के लिए बबुल के पेड़ के नीचे छीप हुए थे और अचानक आकाशीय बिजली गिर गई जिसके कारण घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल थाना प्रभारी अमन कुमार ने अपने दल बल के साथ पहुंच कर शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेजा गया।

### रानी किलनिक का उद्घघाटन



पांडू पलामू। पांडू मुख्यालय में सुनील पांडेय जी के मकान में नियरेस्ट बाकी नदी पूल के समीप भव्य रानी किलनिक का उद्घाटन किया गया। रानी किलनिक का उद्घाटन बिश्रामपुर रानी हॉस्पिटल के डॉक्टर एलहाक आलम के द्वारा फीता काट कर किया गया। इन्होंने कहा कि इस किलनिक से उचित मूल्य पर दवा मिलेगा। मौके पर रेयाजू दिन अंसारी निजामुदीन खलीफा, सुनील पांडेय, मजहर हुसैन, देवेंद्र पांडेय आदि शामिल थे।

### विधायक कमलेश कुमार सिंह के जांच कराने की मांग पर मंत्री जोबा मांझी ने सदन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत किया



हुसैनाबाद,पलामू। हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के अंचल पदाधिकारी नंद कुमार राम के खिलाफ सदन से जांच कराने की मांग पर मंत्री जोबा मांझी ने बुधवार को सदन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह जांच रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र देकर कहा है कि हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी की जांच रिपोर्ट और सदन में मंत्री के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में विरोधाभास है। उन्होंने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी की जांच रिपोर्ट की कॉपी भी विधानसभा अध्यक्ष को उपलब्ध करा दिया है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि गत 2 मार्च को ध्यानाकर्षण सूचना पर मंत्री जोबा मांझी ने कहा था कि पलामू जिले के हुसैनाबाद अंचल के अंचलाधिकारी नंद कुमार राम अगर जांच में दोषी पाए गए तो चलते सत्र के दौरान उनपर कार्रवाई हो जाएगी। कमलेश सिंह ने सदन को सूचित किया कि हुसैनाबाद के अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने 4 एकड़ 63 डिसमिल जमीन की रसीद वित्तीय वर्ष 1956-57 से लेकर वर्ष 2021-22 तक का कुल लगान 46 हजार 893 रुपये का जारी कर दिया है। जिस व्यक्ति के नाम से जमाबंदी कायम है, उसका जन्म भी वर्ष 1956-57 में नहीं हुआ था।

### कलश शोभा यात्रा के साथ गुरी ग्राम पंचायत में शतचंडी महायज्ञ शुरू



बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर प्रखंड के गुरी ग्राम पंचायत में शतचंडी महायज्ञ को लेकर बुधवार को भव्य कलश शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकला। कलश यात्रा की शुरुआत देवी मंडप प्रांगण स्थित यज्ञशाला से हुआ। शोभा यात्रा ग्राम पंचायत भ्रमण के बाद कौरव नदी तट पर पहुंचा। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। यात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान का जयकारा लगाते हुए वापस यज्ञशाला पहुंचे। जहां पूरे विधि विधान से कलश की स्थापना हुई। कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक चलने वाला शतचंडी महायज्ञ शुरू हो गया। शोभा यात्रा में समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह, बसपा के प्रदेश महासचिव कृष्णा दुबे, पूर्व विस प्रत्याशी विकास दुबे, ओम प्रकाश पांडे गुड्डू, यज्ञ समिति के अध्यक्ष मणिकांत पाठक, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी सोनू, कोषाध्यक्ष राकेश मिश्रा, उप कोषाध्यक्ष साहेब राम,सचीव अनुज कुमार मिश्रा, उपसचिव प्रकाश कुमार मिश्रा, यज्ञ समिति के वरिष्ठ सलाहकार नंद कुमार मिश्रा, विजय तिवारी, विनोद पाठक, शिव कुमार तिवारी, शिवराज मिश्रा, दिलीप चंद्रवंशी, विक्की मिश्रा, विपिन मिश्रा, संतोष मिश्रा, राम सती राम, सत्यदेव राम सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। मणिकांत पाठक ने बताया कि यह शतचंडी महायज्ञ 22 मार्च से शुरू होकर 30 मार्च तक चलेगा।

## बिसफुटा पुल के समीप धरना पर बैठे कुशवाहा समाज के लोगों से मिली महापौर कहा, मैं हर समाज का करती हूं

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने विश्फुटा पुल जाकर कुशवाहा समाज के भाइयों से मिलकर धरना पर बैठे लोगों को आग्रह कर धरना समाप्त करा दिया।

महापौर ने कहा हमारी कहीं से मनसा किसी भी समाज के लोगों को आहत करने का नहीं मे हर समाज का सम्मान करती। महापौर अरुणा शंकर ने कुशवाहा समाज के भाइयों को अस्वस्थ कराया ना मैं पहले कभी सोच रखती थी किसी चौक चौराहे से किसी प्रतिमा को हटाई जाए ना आज है। जहां पर जगदेव बाबू की प्रतिमा लगी है वही प्रतिमा लगी रहेगी सिर्फ मैं उस चौक को सुसज्जित कर उनके प्रतिमा को वहीं पर स्थापित करा दूंगी। महापौर अरुणा शंकर ने वहां पर उपस्थित कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय राकेश जी, पूर्व विधायक माननीय शिवपूजन मेहता, राजन मेहता, विजय मेहता, परम देव सिंह, राजेश रोशन, रामनाथ चंद्रवंशी, रिंकू मेहता, सतीश कुमार, प्रकाश राम, रवि पाल, अजीत मेहता तथा उस वार्ड की वार्ड पार्षद के लिखित आवेदन के आलोक में उस चौक का नाम शहीद जगदेव प्रसाद चौक करने को अस्वस्थ किया।

## समय रहते लोग सावधान नहीं हुए तो कोरोना की कहर से भी ज्यादा तबाही मचाएगा प्रदूषण का जहर : कौशल

### वनराखी मूवमेंट के तहत 14 से 21 मार्च तक चले कार्यक्रम के समापन पर बोले पर्यावरणविद

>> विश्व वाणिकी दिवस पर पर्यावरणविद ने पौधोरोपण कर वृक्षों पर किया रक्षाबंधन

खबर मन्त्र संवाददाता


वनों पर रक्षाबंधन करते पर्यावरणविद व पर्यावरण से जुड़े लोग

**छतरपुर पलामू।** विश्व वाणिकी दिवस के 53 वां वर्षगांठ पर पर्यावरणविद द्वारा चलाए गए निशुल्क पौधा वितरण सह रोपन के 56 वां वर्ष तथा वन राखी मूवमेंट और पर्यावरण धर्म दिवस के 46 वां वर्ष पूरा होने पर इस वर्ष 14 मार्च से चल रहे वृक्षों पर रक्षाबंधन पौधारोपण और स्कूलों में पर्यावरण धर्म के विस्तार के लिए आयोजित कार्यक्रम में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के अगुआ पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म से जुड़े लोगों के साथ वनों पर राखी बांधकर उसे बचाने की शपथ दिलाई। छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत मुरुमदाग के केरकी कला आयोजित कार्यक्रम में वनों पर रक्षाबंधन कर बरगद का पौधा लगाया गया। इसके उपरांत वनों की सुरक्षा में लगे बलराम सिंह, बनारसी देवी, नागेश्वर सिंह व ग्रामीणों को अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इसी तरह हुलसम पंचायत के विषयपुर मध्य विद्यालय में सुभाष गुप्ता, कपिल सिंह, मनोज गुप्ता, पंकज विश्वकर्मा, सुधीर सिंह व शिक्षक अकील अहमद व बच्चों एवं ग्रामीणों के बीच पौधा वितरण सह रोपन कर वृक्षों पर रक्षाबंधन भी किया गया। वहीं डाली बाजार के कौशल नगर में मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क व जैविक उद्यान में चाइनीज अमरूद का पौधा लगाकर वृक्षों पर रक्षाबंधन किया गया।

## दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना के साथ वासंतिक नवरात्र प्रारंभ

### रामजन्मोत्सव का हुआ आगाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज।** मेन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में बुधवार को कलश स्थापना के साथ ही वासंतिक नवरात्र समारोह प्रारंभ हो गया। इससे पहले गाजा बाजा के साथ जलयात्रा निकाली गई। जो मेन बाजार, झंडा चौक, मेन रोड से होते हुए बटाने नदी पहुंची। जहां पंडित श्यामसुंदर वैद्य के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया। बाद में मां नवदुर्गा की उपासना के लिए मंदिर में कलश को स्थापित किया गया। वही श्रीदुर्गा सप्तशति का नवाह पाठ श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में महिला पुरूष भक्त मंदिर में मौजूद रहे। जल यात्रा में मुख्य यजमान राजेश कुमार, सन्नी गुप्ता, चंदन जायसवाल, दिलीप स्वर्णकार, मुन्ना विश्वकर्मा, निरंजन प्रसाद, अशोक सिंह, प्रेम गौरव, पवन कुमार, रामदुलारे विश्वकर्मा, रिशु गुप्ता, तुषार कुमार, सीताराम कुमार, उदय कुमार, संजीव कुमार, करण राजवीर, साकेत कुमार सहित कई लोग शामिल थे। वहीं रामनवमी पूजा समिति द्वारा राम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आगाज हुआ। मुख्य समारोह स्थल थाना के समीप संकट हरण हनुमान मंदिर परिसर में गाजे-बाजे के साथ महावीरी ध्वजारोपण तथा अखाड़ा पूजन किया गया।

### मेदिनीनगर में निकला मंगलवारीय जुलूस, राममय हुआ शहर



मेदिनीनगर। मंगलवार को जिले के मेदिनीनगर सहित कई क्षेत्रों में रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गई। महावीर नवयुवक दल जेनरल की अगुवाई में कई रामनवमी समितियों के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में अध्यक्ष जुगल किशोर, दुर्गा जौहरी, बबलू गुप्ता, प्रभात उदयपुरी, नागेंद्र कुमार नागिन, सोमेश सिंह, संजय सिंह उमेश, प्रभात, मुकेश अग्रवाल, राजकुमार बर्मन, दीपू चौरसिया श्याम जी चौधरी सुरेश, राजू चंद्रवंशी अशोक गिरी मुन्ना कुमार, रामनरेश, संतोष गुप्ता अरविंद गुप्ता अजीत सिन्हा रंजित पंकज शर्मा ऋषि अग्रवाल अंकित सिंह आयुष सिंह सोनू कृष सिंह आदि मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के प्रगति की समीक्षा की

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के प्रगति की समीक्षा की।समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त दोड्डे ने लक्ष्य के विरुद्ध लंबित आवासों की जानकारी ली इसपर डीडीसी ने बताया गया कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कुल 159882 आवासों का निर्माण कराया जाना है जिसके विरुद्ध अबतक 140099 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है वहीं 19783 आवास लंबित हैं। इन लंबित आवासों को समय रहते कैसे पूर्ण किया जाये उपायुक्त ने बीडीओ, तीनों एसडीओ व ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संग गहन समीक्षा की। उपायुक्त ने 15 दिनों के भीतर 4 हजार से अधिक लाभुकों को दूसरी किस्त भुगतान करने का भी निर्देश दिया।

### लंबित आवासों को ससमय पूर्ण कराने को लेकर अलग-अलग पदाधिकारियों को सौंपा टास्क




बैठक में उपायुक्त दोड्डे लंबित आवासों के कारणों से अवगत हुए बताया गया कि कहीं जमीन विवाद,कहीं लाभुक का पलायन कर जाना तो कहीं तय मानक से बड़े आकर का घर निर्माण करना आवासों के लंबित होने की मुख्य वजह है। इस पर उपायुक्त ने जिले में लंबित सभी आवासों को पूर्ण कराने हेतु अलग-अलग अधिकारियों को टास्क सौंपा है। उन्होंने वरीय अधिकारियों को ब्लॉक जाकर संबंधित बीडीओ व लाभुक के साथ बैठकर आवासों के पूर्णता पर बल दिया। उन्होंने इसमें जो आवास लैंड डिस्प्यूट के कारण लंबित हैं उन्हें प्राथमिकता देने की बात कही। लंबित आवासों को पूर्ण कराने को लेकर उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता, तीनों एसडीओ, डीआरडीए डायरेक्टर प्रीति किस्कू, सहायक समाहर्ता को अलग-अलग प्रखंडों की जिम्मेवारी सौंपी गयी है वहीं पांकी का दौरा स्वयं उपायुक्त करेंगे। ज्ञातव्य है कि पांकी प्रखंड में सबसे अधिक आवास लंबित है।

## शिक्षित महिलाओं के दम पर ही संभव है समाज में व्यापक बदलाव : मो. परवेज

खबर मन्त्र संवाददाता



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय के सभागार में सहायक नगर आयुक्त मो परवेज के अध्यक्षता में 'नयी चेतना- पहल बदलाव की' तथा 'स्वच्छोत्सव-2023' अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति हो रहे घरेलू हिंसा, समाजिक प्रताड़ना, यौन उत्पीड़न जैसे बुराईयो को खत्म करना व स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मो परवेज, बीडीओ प्रशांत हेम्ब्रम, चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली स्टेला पूर्ति, पलामू बार कॉसिंल की पूर्व अध्यक्ष वीणा मिश्र, जेएसएलपीएस के जिला प्रतिनिधि आशीष शुक्ल व विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रजवल्लित कर किया। मो परवेज ने महिलाओं के शिक्षा की महता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षित महिलाओं के दम पर ही समाज व राष्ट्र में व्यापक बदलाव संभव है।

## मनातू प्रशासन व प्रखंड के प्रमुख, जिला परिषद ने किया संयुक्त रूप से मंगल हाट बाजार का उद्घाटन



**ताराचंद यादव**

**मनातू। पलामू प्रखंड के नाका वन विभाग स्थित जिला परिसद् मंगल हॉट बाजार का उद्घाटन मनातू प्रशांसन अंचल पदाधिकारी शेखर वर्मा, प्रमुख गीता देवी जिला परिषद प्रदीप कुमार मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार बंसी पंचायत के पूर्व मुखिया उदय सिंह, राजद युवा जिला अध्यक्ष केदार यादव 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू मझौली पंचायत के पूर्व मुखिया गोपू सिंह नौडीहा पंचायत के मुखिया बंधु भुईयां, पदमा पंचायत के मुखिया अनुज प्रसाद रंगिया पंचायत के मुखिया कुसमी देवी कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विष्णुदेव यादव सहित संयुक्त रूप से विद्वत पूजा अर्चना कर फीता काटकर किया मंगल बाजार का उद्घाटन। जिला परिषद के अधीन मनातू मंगल बाजार का टेंडर उप विकास आयुक्त के कार्यालय में संपन्न किया गया। जो मनातू निवासी ताराचंद यादव ने उत्तम डाक बोली लगाकर बाजार अपने नाम से करा लिया। मौके पर प्रमुख पति संतोष यादव आकाश कुमार सहित मनातू प्रखंड के ग्रामीण जनता हजारों की संख्या में रहे मौजूद।**

### हरिहरगंज : बीडीओ ने 35 किसानों के बीच डीजल पंप सेट का वितरण किया



हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज प्रखंड परिसर में बुधवार को प्रखंड के 35 लाभुक किसानों को 90% अनुदान पर सिंचाई डीजल पंप सेट दिया गया। सादे समारोह में बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने किसानों के बीच पंपसेट वितरण करते हुए कहा कि पंपसेट से किसानों को खेती करने में काफी सहूलियत होगी। समारोह का आयोजन भूमि संरक्षण विभाग के तहत किया गया। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, जिप प्रतिनिधि राजेश राम, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह, रामप्रवेश यादव के अलावे किसान सहदेव यादव, विजय यादव, चंदन कुमार, रामचंद्र यादव, दरोगी यादव सहित कई किसान मौजूद थें।

### उदीयमान भगवान भाष्कर की आराधना से मन शुद्ध होता है : प्रियरंजन पाठक



**मेदिनीनगर।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम सम्वत २०८० के पावन अवसर पर स्थानीय छः मुहान चौक, (मेदिनीनगर) पर उदीयमान भगवान भाष्कर की भव्य आरती कर हिन्दू नव वर्ष का आगाज किया गया। मौके पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियरंजन पाठक ने कहा कि चैत्र मास में वृक्षों में नए पत्ते तथा पुष्प निकलते हैं जब हम अनुभव करेंगे तब ऐसा लगता है कि प्रकृति स्वयं ही नव वर्ष मना रही है। चैत्र मास में नए मौसम का आगमन होता है तथा पुराना अर्थात ठंड का मौसम समाप्त होता है। इस मास में ही हमारे घरों में नया अनाज आता है। भारतीय नव वर्ष वासन्तिक अर्थात मां दुर्गा की उपासना हेतु की गई कलश स्थापन से प्रारम्भ होता है जिस कारण घरों को पवित्र किया जाता है। यह समय ऋतु परिवर्तन का होता है। आज के दिन ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इसके बाद भगवान भास्कर की आरती की गई ततपश्चात प्रसाद वितरण किया गया। संचालन सचिव राजा वैद्य तथा धन्यवाद ज्ञापन सदस्य अमन राज पाठक ने किया। आरती में अर्पिता मिश्र के साथ तबला पर संगत आयुष कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में रंगोली प्रमुख नीतू सिंह, सदस्य रमेश कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, वयापक कुमार, संकेत श्रवण, नरेंद्र दुबे, घनश्याम ठाकुर, श्याम बिहारी राय, प्रमिला देवी, आर्या सिंधु, संधि सुधा, सुमन सुधा, नमामि सिंधु, आरुष वैद्य, देवेन्द्र तिवारी, हर्षित सौर्य, सूरज तिवारी, प्रेम प्रकाश दुबे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### दो बाईक के टक्कर में छात्र घायल

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमण्डल थाना क्षेत्र के जपला छतरपुर मुख्य सड़क कंगारपुर गांव के समीप दो बाइक आपस मे टकराने से दो परीक्षार्थी घायल हो गया हैं, सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बुधवार को 10 वीं का परीक्षा देकर वापस लौट रहे दो परीक्षार्थी घायल हो गया, जिसके बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से घायल दोनो छात्रों को हुसैनाबाद अनुमण्डल अस्पताल लाया गया। घायल पोलडीह हाई स्कूल का बताया जा रहा है, घायलो में छात्र विकास कुमार एवं उसका भाई विक्की कुमार का नाम शामिल है, जो सुपहा गांव के रहने वाले है। दो की स्थिति सामान्य हैं।

### अपनी नाकामी को छुपाने के लिए पूर्व अध्यक्ष पर मेयर फोड़ रही ठीकरा : पूनम सिंह



**मेदिनीनगर। नगर पालिका के कार्यकाल में जो डीपीआर तैयार कर शहरों के विकास के लिए मैप तैयार किया गया था। उसी आधार पर वर्तमान नगर निगम कार्य कर रहा है। लेकिन जो पूर्व में डीपीआर तैयार किया गया था। उसको अनदेखी करते हुए अपने मनमानी तरीके से नगर निगम क्षेत्र के नक्शा को बर्बाद किया जा रहा है। उक्त बातें नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष पूनम सिंह ने कही। वे अपने आवास पर प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि शहर का जो बड़ा तालाब 16 एकड़ में फैला हुआ है। वह आज सिमट चुका है। उसमें जो पार्क का निर्माण किया गया है वह भी तलाब को छोटा कर चुका है। इसके बीच में दीनदयाल पथ को बंद कर दिया गया। जिससे लोगों को आवागमन में काफी असुविधा हो रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जो प्राक्कलन तैयार किया गया था। उसमें दोनों तलाब के बीच में ओवरफ्लाई बनाना था। जो वर्तमान में नहीं किया गया। जिस कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस तालाब में गंदे पानी को साफ करने के लिए फिल्टर लगाने का प्रावधान किया गया था जो नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि अपनी नाकामी को छुपाने के लिए पूर्व अध्यक्ष पर जो मनगढ़ंत आरोप लगाए जा रहे हैं वह बेबुनियाद है। तलाब का 16 एकड़ जमीन कहां गया। यह निगम के जनता को बताने का काम करे।**

## भजनिया में यज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मोहम्मदगंज, पलामू।** प्रखंड के भजनियां गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में चतुर्थ श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ के आयोजन को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में नर-नारी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा शिवमंदिर प्रांगण से शुरू होकर देवीधाम, मुख्य पथ व पासी मोड़ से होते हुए कोयल-काशीसोत संगम पर पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भर कर श्रद्धालुओं ने शिवमंदिर प्रांगण में स्थापित किया। यात्रा में मुख्य रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष बिपिन बिहारी सिंह मंटू के अलावा, कामेश्वर सिंह, मनोज कुमार सिंह, सीबी रमन सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, जय सिंह, कामता मेहता, रामवचन प्रसाद, अखिलेश मेहता, अरुण गुप्ता, रामबालक गुप्ता, इंतलेश सिंह, रामरेखा मेहता,राजन सिंह, पप्पू प्रजापति, विश्वनाथ चौधरी, लल्लू विश्वकर्मा, कृष्णा सिंह, अशोक सिंह, सुदर्शन शर्मा, रामनाथ रजवार, शंकर गुप्ता, गणेश राम, गोखुल प्रसाद, बृजनारायण सिंह व जवाहर पासवान सहित अन्य कई लोगों ने अगुवाई की। उक्त यज्ञ यज्ञाचार्य दयाशंकर तिवारी के सान्निध्य में सम्पन्न होगा। पूजापाठ विद्वान पंडित सुरेश पाठक जी के द्वारा किया जा रहा है।

## विद्यार्थियों के लिए दसवीं बोर्ड जीवन का है चौराहा, परामर्श की जरूरत : अविनाश देव

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** हर साल लाखों बच्चे करोडों सपने लिए दसवीं बोर्ड की परीक्षा पास करते हैं। उनके सामने एक गहरा संकट छाया रहता है कि किधर जाऊं। इस उहापोह की स्थिति में विद्यार्थी जीवन के चैराहे पर निर्णय नहीं कर पाते हैं। ऐसी हालत में उन्हें मार्गदर्शन व परामर्श की जरूरत होती है ताकि जिंदगी की गाड़ी साफ सड़कों पर सरपट दौड़ सके। इसे आम बोलचाल की भाषा मे जीवनवृत्ति हेतु परामर्श या कैरियर काउंसिलिंग कहते हैं। आज बोर्ड परीक्षा की अंतिम दिन बोर्ड परीक्षार्थियों के साथ जेएमपी कॉम्प्लेक्स में कैरियर काउंसलिंग के लिए बैठक किये।विद्वान व अपने अपने क्षेत्र में महारत हासिल किये शिक्षकों द्वारा संवाद स्थापित हुई। खुल कर बातें किये जिसमें सबों की रुचि अलग अलग दिखी मेडिकल इंजीनियरिंग के साथ वाणिज्य ब्यापार को भी बच्चों ने चुना। अंतिम में सबों को एक समान्य चुनौती दिखी वह था अर्थ वित्त, कम खर्च में बेहतर एवं परिणामवादी संस्थान कौन और कहां है। इस पर शिक्षकों ने राय दी तुलना कर बच्चों के विजन साफ किये। एक तिहाई बच्चों ने विकल्प के तौर पर पलामू को ही चुना और बाहर के संस्थानों में जाने से असमर्थता जताई। मैं आपने वक्तव्यों में कहा ऊंची दुकान फीकी पकवान को आपलोग पहचान कर लें दिल्ली कोटा बंगलौर में कोचिंग करने वालों की घर वापसी हो गई है बेहतर नहीं कर सके। किंतु जो विद्यार्थी घर में रह कर मेहनत किया वह टॉप हुआ। दुकान भले ही फीका लगे पर पकवान ऊंचा है क्योंकि यहीं के शिक्षक वहां हैं जहां आप पढ़ते हैं। विकल्प के रूप में पलामू का दृश्यम कोचिंग संस्थान भी बेहतर है जहां आई आई टी के शिक्षक सेवा प्रदान कर रहे हैं। आप सबों को बहुत बहुत शुभकामनाएं उज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

## इंडियन रोटी बैंक ने दिखायी संवेदना गरीब महिला की रक्त देकर बचायी जान

सोनू नामधारी ने 48 की उम्र में 50वीं बार रक्तदान करने का बनाया रिकार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप संयोजक धर्मवीर सिंह नामधारी उर्फ सोनू सिंह ने बुधवार को रक्तदान कर एक गरीब महिला की जान बचा ली। इसके साथ ही नामधारी ने 48 वर्ष की उम्र में 50वीं बार रक्तदान करने का रिकार्ड भी कायम कर लिया। बताया जाता है कि जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डबरा निवासी कुंदन कुमार यादव की पत्नी प्रसूता नेहा कुमारी को आर्शी लाइफ केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था और उसकी सर्जरी होनी थी। चिकित्सकों द्वारा एक यूनिट ब्लड की मांग की गई। इससे प्रसूता नेहा कुमारी के परिजन काफी बेचैन हो गए क्योंकि रक्त जुटा पाना उनके लिए बहुत ही मुश्किल काम था। इसकी सूचना किसी प्रकार इंडियन रोटी बैंक के झारखंड राज्य संयोजक दीपक तिवारी को मिली तो उन्होंने तुरंत बी पॉजिटिव रक्त का प्रबंध किया और यह रक्त किसी और ने नहीं बल्कि इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप प्रभारी धर्मवीर सिंह नामधारी उर्फ सोनू सिंह ने दिया। तिवारी ने मेडिकल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक में सोनू सिंह नामधारी से एक यूनिट रक्तदान करा कर नेहा कुमारी के पति को सौंप दिया। इस मौके पर इंडियन रोटी बैंक के लोगों ने सोनू सिंह नामधारी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और उनकी हौसला आफजाई की।

रक्तदान के समय डॉक्टर जयंत लकड़ा, ब्लड बैंक के प्रभारी अनवर आलम तनवीर आलम, बैंक के झारखंड प्रदेश उप संयोजक परवेज अख्तर, वॉइस कोऑर्डिनेटर पलामू राकेश तिवारी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साहिब सिंह नामधारी समेत अन्य लोग मौजूद थे। नामधारी के इस मानवीय व्यवहार के बाद यह भी साबित हो गया कि इंडियन रोटी बैंक लोगों के पेट की आग ही नहीं बुझाता बल्कि सामाजिक और मानवीय कार्यों में भी उसका उत्कृष्ट योगदान रहता है।

